हरिभूमि
रायपुर भूमि





# प्लेटफार्म पर भारी भीड़, ट्रेन आने से पहले तीन हॉल्डिंग एरिया में रोके जाएंगे यात्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

रेलवे स्टेशन पर नवरात्रि शुरू होते ही ट्रेनों और प्लेटफॉर्म पर भीड़ बढ़ रही है। नवरात्रि के पांचवें दिन यात्रियों की आवाजाही सुबह से लेकर देर रात तक लाख के करीब पहुंचने लगी है। खासतौर पर बिलासपुर, रायपुर और दुर्ग से प्रतिदिन 15 से 20 हजार यात्री डोंगरगढ़ की ओर जा रहे हैं। स्थिति यह है कि जैसे ही ट्रेन प्लेटफॉर्म पर पहुंचती है, भीड़ अचानक बढ़ जाती है, जिससे चढ़ने और उतरने वाले यात्रियों को काफी परेशानी होती है। यात्रियों की सुरक्षा और व्यवस्था बनाए रखने के लिए रेलवे ने स्टेशन परिसर में तीन होल्डिंग एरिया ▶▶ शेष पेज 14 पर


### होल्डिंग एरिया में भी मिलेगी टिकट सुविधा

*भीड़ की स्थिति में जब यात्रियों को होल्डिंग एरिया में रोका जाएगा, तब उन्हें टिकट खरीदने के लिए काउंटर तक जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। अगर किसी यात्री ने पहले से टिकट नहीं खरीदा है, तो टीटीई वहीं आकर मशीन से टिकट जारी करेंगे। इससे यात्रियों को लाइन में लगने से बचाव होगा और समय की भी बचत होगी।*

### इस तरह नियंत्रित होगी भीड़

उदाहरण के तौर पर, यदि किसी यात्री को इतवारी एक्सप्रेस से डोंगरगढ़ जाना है और उस समय प्लेटफॉर्म पर पहले से दूसरी ट्रेन के लिए यात्रियों की भीड़ है, तो इतवारी एक्सप्रेस के यात्रियों को होल्डिंग एरिया में इंतजार करने के लिए कहा जाएगा। जैसे ही इतवारी एक्सप्रेस के आने का समय नजदीक आएगा, यात्रियों को प्लेटफॉर्म पर जाने की अनुमति दी जाएगी। इससे प्लेटफॉर्म पर केवल वही यात्री रहेंगे जो उसी ट्रेन से सफर करने वाले हैं। रेलवे प्रशासन समय और व्यवस्था का विशेष ध्यान रखेगा, ताकि यात्रियों को कोई असुविधा न हो और भीड़ भी नियंत्रित बनी रहे।

## नवरात्रि विशेष



### षष्ठम: कात्यायनी

मां भगवती का छठा रूप कात्यायनी का है। छठे नवरात्रि को मां की इसी स्वरूप की पूजा होती है। ऐसा विश्वास है कि कात्यायनी के गोत्र में महर्षि कात्यायन हुए थे। उनकी इच्छा थी कि मां भगवती उनके घर पुत्री रूप में जन्म लें। उन्हेंने कठोर तप किया। भगवती ने उनकी प्रार्थना स्वीकार कर उनके घर पुत्री रूप में जन्म लिया। इसलिए उनका नाम कात्यायनी पड़ा। यह भी माना जाता है। कि जब पृथ्वी पर महिषासुर के अत्याचार बहुत बढ़ गए, तब भगवान ब्रह्मा, विष्णु और महेश तीनों ने अपने -अपने तेज का अंश देकर महिषासुर के विनाश के लिए एक देवी को उत्पन्न किया।

# संदिग्धों का राजधानी बना ठिकाना किराएदारों की सूची केवल खानापूर्ति


शहरी नेटवर्क खड़ा करने के पहले दबोचे गए नक्सली दंपति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

- गिरफ्तार नक्सली दंपति के बाल नक्सली से डीसीएम मेंबर बनने की बात सामने आ रही

बाहर से आकर मकान किराए पर लेकर रहने वाले संदिग्धों की निगरानी करने सभी थानों में किराएदारों की सूची नियमित रूप से अपडेट करने का नियम है। राज्य की राजधानी होने की वजह से रायपुर की गिनती संवेदनशील शहरों में की जाती है। बावजूद इसके थानों में किराएदारों की सूची के नाम पर केवल खानापूर्ति की जा रही है। राजधानी के किसी भी थाने में किराएदारों की सूची अपडेट नहीं है। अमूमन सभी थानों में किराएदारों की सूची तिहाई आंकड़े से ज्यादा नहीं है। हर थाने में ▶▶ शेष पेज 14 पर

### शहरी नेटवर्क से जुड़े दो से तीन नक्सली एनआईए कोर्ट में पेश

डीडीनगर थाना क्षेत्र के चंगोराभाठा में पांच दिन पूर्व नक्सली दंपति जग्गू कुरसम उर्फ रवि उर्फ रमेश तथा उसकी पत्नी कमला की गिरफ्तारी के बाद एसआईए की टीम ने शहरी नेटवर्क से जुड़े दो से तीन नक्सलियों की गिरफ्तारी की है। हालांकि एसआईए ने शहरी नेटवर्क से जुड़े किसी अन्य नक्सली के पकड़े जाने की पुष्टि नहीं की है। सूत्रों के मुताबिक, जिन नक्सलियों को एसआईए ने गिरफ्तार किया है, उन्हें बिलासपुर एनआईए कोर्ट में पेश कर पूछताछ करने रिमांड ▶▶ शेष पेज 14 पर

# 9 महीने में 11 हजार को कुत्तों ने काटा रायपुर में रेबीज से एक भी मौत नहीं

- समय पर वैक्सीन नहीं तो शर्तिया मौत का बनता है कारण, जागरूकता पर जोर
- रेबीज के प्रति जागरूकता के साथ हाई रिस्क वर्ग के टीकाकरण की योजना भी



विश्व रेबीज दिवस आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

सरकारी आंकड़े की मानें, तो केवल रायपुर जिले में पिछले 9 महीने में 11 हजार लोगों को कुत्तों ने काटा है...। अच्छी बात यह है कि सही समय पर अस्पताल पहुंचकर इन्होंने एंटी रेबीज वैक्सीन लगवा ली, जिसकी वजह से यह जानलेवा साबित नहीं हुआ। चिकित्सकों की मानें, तो रेबीज का संक्रमण शर्तिया मौत का कारण बनता है। इसीलिए इसके बचाव के बारे में लोगों को जानकारी देने विभागीय स्तर पर योजना बनाई गई है। डॉग सहित अन्य जानवरों के संपर्क में आने वालों को बचाव के लिए हाई रिस्क वर्ग को प्री-एक्सपोजर प्रोफुलैक्सिस रेबीज वैक्सीन लगाने पर भी विचार किया जा रहा है। जानकारों की मानें, तो रेबीज संक्रमण के 95 फीसदी मामले डॉग बाइट से जुड़े होते हैं। इस संक्रमण के फैलने की मुख्य वजह कुत्ता काटने से हुए जख्म के बजाए इलाज में की जाने वाली लापरवाही होती है। इसका वायरस इतना खतरनाक होता है कि प्रभावित व्यक्ति की शर्तिया मौत होती है। स्वास्थ्य विभाग रेबीज की रोकथाम के लिए प्राथमिक स्तर के स्वास्थ्य केंद्रों तक रेबीज वेक्सीन की उपलब्धता पर जोर दे रहा है, क्योंकि राज्य में डॉग बाइट के शिकार होने वालों की संख्या हर साल 20 से 25 हजार तक पहुंचती है। रायपुर जिला इसमें ▶▶ शेष पेज 14 पर

### 2030 तक रेबीज उन्मूलन का लक्ष्य

*देश में रेबीज उन्मूलन के लिए 2030 का लक्ष्य राष्ट्रीय कार्ययोजना के तहत निर्धारित किया गया है। इसमें एनएमसी भी सहभागिता निभा रहा है। पिछले दिनों देशभर के चिकित्सा महाविद्यालय को सर्कुलर जारी कर इसकी रोकथाम के लिए योजना बनाकर काम करने कहा गया है। इसके लिए तमाम चिकित्सा महाविद्यालयों को इसके लिए डाक्टरों, छात्रों को रेबीज की रोकथाम के लिए प्रशिक्षण देने, अस्पतालों में एंटी रेबीज वेक्सीन का पर्याप्त स्टाक रखने और आने वाले तमाम मरीजों की समुचित जानकारी रखने के निर्देश दिए गए हैं।*

### स्वास्थ्य विभाग की बैठक

*स्वास्थ्य विभाग की टीम ने शहरी इलाके में होने वाली डॉग बाइट की घटनाओं को देखते हुए इसकी रोकथाम के लिए रणनीति बनाने बैठक की। सीएमएचओ डा. मिथिलेश चौधरी के निर्देश पर आयोजित बैठक में आईडीएसपी के नोडल डा. विमल किशोर राय एवं टीकाकरण अधिकारी डा. श्वेता सोनवानी ने ब्लाक स्तर के अधिकारियों को रेबीज की रोकथाम के लिए किए जाने वाले उपाय के बारे में बताया। इस दौरान लोगों को रेबीज की भयावहता के साथ इससे बचाव के तरीके के बारे में समझाने पर भी जोर दिया गया।*




### चोरी का आरोपी पुलिस को चकमा फरार



**रायपुर।** चोरी के आरोप में गिरफ्तार एक बदमाश थाने में तैनात सिपाही से हाथ छुड़ाकर भाग गया। हालांकि पुलिस ने बदमाश के हाथ छुड़ाकर भागने की पुष्टि नहीं की है। पुलिस बदमाश को फरार बता रही है। आरोपी पर अपने साथी के साथ मिलकर धरमपुरा में एक सूने मकान में 10 लाख रुपए के सोने-चांदी के जेवर तथा नकदी चोरी करने का आरोप है। घटना माना थाना क्षेत्र की है। अनिल बघेल की शिकायत पर पुलिस ने चंदन चेलक तथा उसके साथी महेश जांगड़े उर्फ ब्लेड को शुक्रवार को गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के बाद पुलिस दोनों को कोर्ट ले जाने की तैयारी कर रही थी। इस दौरान पुलिस दस्तावेजी कार्रवाई कर रही थी। बताया जा रहा है, इस दौरान महेश ने मौका देखकर सिपाही से हाथ छुड़ा लिया और थाने से फरार हो गया। महेश तथा चंदन दोनों शातिर चोर हैं। दोनों पूर्व में भी चोरी के आरोप में जेल जा चुके हैं। महेश द्वारा पूर्व में इसी तरह पुलिस को चकमा देकर भागने का रिकार्ड रहा है। हालांकि पुलिस ने चोरों के कब्जे से चोरी का पूरा माल बरामद कर लिया है। थाने से फरार महेश की पुलिस पतासाजी कर रही है।






# नगरीय निकायों में खुलेंगे आदर्श सुविधा केंद्र, राज्य के प्रस्ताव पर केंद्र सरकार ने मंजूर किए 50 करोड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव की विशेष पहल पर केंद्रीय आवास और शहरी कार्य मंत्रालय ने राज्य के नगरीय निकायों में आदर्श सुविधा केंद्र खोलने के लिए 50 करोड़ रुपए स्वीकृत किए हैं। पहले चरण में सभी 14 नगर निगमों और सभी 55 नगर पालिकाओं में ये केंद्र प्रारंभ किए जाएंगे। ये सुविधा केंद्र नागरिकों को विभिन्न तरह के प्रमाणपत्र और लाइसेंस प्राप्त करने तथा पंजीयन व शिकायत निवारण जैसी सेवाओं के लिए एकीकृत केंद्र की तरह काम करेंगे। भारत सरकार ने नगरीय निकायों से जुड़ी सभी तरह की सेवाओं पर आधारित आदर्श सुविधा केन्द्र खोलने के लिए म्यूनिसिपल शेयर्ड सर्विसेस सेंटर के अंतर्गत सिटीजन एक्सपीरियंस सेंटर के लिए यह राशि मंजूर की है। मुख्यमंत्री ने नगरीय निकायों में आदर्श सुविधा केंद्र स्थापित किए जाने के राज्य सरकार के प्रस्ताव पर मंजूरी देने के लिए केंद्र सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया है। वहीं उप मुख्यमंत्री श्री साव ने प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान करने के लिए केन्द्रीय आवास और शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए प्रदेश के नागरिकों को बधाई दी है। उन्होंने कहा, यह पहल हमारी सुशासन की प्रतिबद्धता को दर्शाती है, जिसके तहत हम प्रदेश के नागरिकों को पारदर्शी, समयबद्ध और सुगम सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए कटिबद्ध हैं। छत्तीसगढ़ के प्रत्येक नागरिक को बेहतर सुविधाएं और जीवन स्तर प्राप्त हो, यह हमारी सरकार का लक्ष्य है। आदर्श सुविधा केंद्र इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो नगरीय प्रशासन को और अधिक प्रभावी बनाएगा।

- पहले चरण में सभी नगर निगमों और नगर पालिकाओं में शुरू होगी सुविधा
- मुख्यमंत्री और उप मुख्यमंत्री साव ने भारत सरकार को दिया धन्यवाद



### केंद्रीय मंत्री का साव ने जताया आभार

उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन के अनुसार साय के सुशासन की सरकार नगरीय निकायों के नागरिकों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने के लिए सुनियोजित कार्ययोजना बनाकर कार्य कर रही है। नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा राज्य शहरी विकास अभिकरण के माध्यम से केन्द्रीय आवास और शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा प्रदेश में सिटीजन एक्सपिरियंस सेंटर स्थापित करने के लिए म्यूनिसिपल शेयर्ड सर्विसेस सेंटर के अंतर्गत प्रस्ताव प्रेषित किया गया था। ये सिटीजन एक्सपीरियंस सेंटर नगरीय निकायों से संबंधित सेवाओं के लिए वन-स्टॉप हब के रूप में काम करेंगे।

### ये सुविधाएं मिलेंगी

उप मुख्यमंत्री ने बताया कि आदर्श सुविधा केंद्रों के माध्यम से 'वन स्टेट-वन पोर्टल' सिंगल प्लेटफार्म की तर्ज पर नागरिकों को जन्म, मृत्यु, विवाह जैसे आवश्यक प्रमाणपत्र, व्यापार, वेंडिंग, विज्ञापन के लिए लाइसेंस सेवाएं, संपत्ति कर, जल/सीवरेज, ठोस अपशिष्ट सेवाएं, नगर निगम संपत्ति बुकिंग के लिए पंजीकरण, शिकायत निवारण की सुविधा तथा डिजिटल समावेशन सेवाओं का लाभ सुलभ और समयबद्ध रूप से प्राप्त होगा। उन्होंने कहा कि ये केन्द्र नागरिक सेवाओं को सरल और मानकीकृत करने के साथ ही प्रशासनिक बाधाओं को भी दूर करेगी, जिससे लोगों और नगरीय निकायों के अधिकारियों के मध्य पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ेगी।

## खबर संक्षेप

### 13 सौ मेगावाट के संयंत्र के लिए रेलवे से ऋण

रायपुर। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर जनरेशन कंपनी के कोरबा में 660 मेगावॉट क्षमता के दो संयंत्रों के लिए इंडियन रेलवे फाइनेंस कारपोरेशन से 12,640 करोड़ रुपए का ऋण अनुबंध किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा इस परियोजना का कार्यारंभ इस साल मार्च में किया गया था। पॉवर कंपनी की ओर से संदीप मोदी, कार्यपालक निदेशक (वित्त) एवं सी एल नेताम कार्यपालक निदेशक (परियोजना) एवं आईआरएफसी की ओर से नव गोयल (महाप्रबंधक) द्वारा रायपुर में शुक्रवार को अनुबंध पर हस्ताक्षर किए गए। लंबी अवधि एवं कम दरों पर प्राप्त ऋण से परियोजना को वित्तीय स्थिरता प्राप्त होगी एवं परियोजना को समय पर पूर्ण करने में मदद मिलेगी, जिससे अंततः प्रदेश की जनता को फ़ायदा होगा।

### स्कूल शिक्षा विभाग में तबादला आदेश

रायपुर। राज्य शासन के स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा बड़े पैमाने पर तबादला आदेश जारी किया गया है। विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों को प्रशासनिक आधार पर प्रतिनियुक्ति एवं प्रतिनियुक्ति से वापस लेते हुए यह नवीन पदास्थापना आदेश मंत्रालय से जारी किया गया है। छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग के द्वारा प्रदेश के 100 अधिकारियों की प्रति नियुक्ति वापस लेने के साथ ही कई लोगों को प्रति नियुक्ति पर दूसरी जगह स्थानांतरित किया गया है। इसका आदेश छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग के अवर सचिव आरपी वर्मा ने आदेश भी जारी कर दिया है।

## सितंबर की है डेडलाइन, पर सभी इस समय कार्यक्रमों के साथ नवरात्रि में लगे हुए हैं

# भाजपा के मोर्चों की कार्यकारिणी का ऐलान होगा अब अगले माह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण देव की नई कार्यकारिणी का ऐलान बीते माह किया गया था। इसी के साथ भाजपा के सात मोर्चा के अध्यक्ष भी बनाए गए। इसके बाद मोर्चा के सभी अध्यक्षों के लिए कार्यकारिणी बनाने की डेडलाइन तय की गई है। सभी से हर हाल में इस माह के अंत तक कार्यकारिणी बनाने के लिए कहा गया है, लेकिन इस समय भाजपा के सेवा पखवाड़ा, जीएसटी और आत्मनिर्भर भारत के जहां कार्यक्रम चल रहे हैं, वहीं नवरात्रि भी चल रही है। ऐसे में सभी मोर्चा के अध्यक्ष भी कार्यक्रमों में लगे हुए हैं। ऐसे में अब सभी मोर्चा की कार्यकारिणी का ऐलान दशहरे के बाद ही होने की संभावना जताई जा रही है। इधर रायपुर शहर और रायपुर ग्रामीण के साथ ही करीब एक दर्जन जिलों की कार्यकारिणी भी बची है। इनको भी अपनी कार्यकारिणी जल्द बनाने के लिए कहा गया है।

किरण देव की कार्यकारिणी का ऐलान बीते माह 13 अगस्त को किया गया तो इसमें सात मोर्चा के अध्यक्ष भी बनाए गए। प्रदेश भाजपा की नई टीम के साथ 31 अगस्त को भाजपा के राष्ट्रीय नेताओं की बैठक हुई। इसमें संगठन को लेकर लंबी चर्चा की गई। जहां एक तरफ संगठन को मजबूत करने के लिए काम करने के लिए सभी को नसीहत मिली है, वहीं सभी मोर्चा से भी बिना विलंब किए अपनी कार्यकारिणी का बनाने के लिए कहा गया है। इसके लिए सभी मोर्चा के अध्यक्ष प्रदेश के वरिष्ठ नेताओं का मार्गदर्शन लेंगे।

- भाजपा के सेवा पखवाड़ा, जीएसटी और आत्मनिर्भर भारत कार्यक्रम चल रहे



### रायपुर की कार्यकारिणी अब तक नहीं बनी

प्रदेश संगठन के सभी 36 संगठन जिलों की कार्यकारिणी बनाने का क्रम बीते माह से प्रारंभ किया गया। अगस्त में सभी जिलों की कार्यकारिणी बन जानी थी, लेकिन रायपुर शहर और रायपुर ग्रामीण के साथ ही अब तक करीब एक दर्जन जिलों की कार्यकारिणी नहीं बन सकी है। जिलों की कार्यकारिणी को भी जल्द बनाने के निर्देश जिलाध्यक्षों को दिए गए हैं।

### भाजयुमो में अंडर 35 पर ही फोकस

भाजयुमो की कार्यकारिणी में इस बार हर हाल में अंडर 35 साल पर ध्यान देने के लिए कहा गया है। भाजयुमो के अध्यक्ष राहुल टिकरिहा का कहना है कि संगठन के निर्देश के मुताबिक ही कार्यकारिणी में अंडर 35 साल वालों को ही रखा जाएगा। उल्लेखनीय है पिछली कार्यकारिणी में भाजयुमो में 35 साल से ज्यादा उम्र वालों को भी पदाधिकारी बना दिया गया था। इसको लेकर बड़ा विवाद भी हुआ था। इसकी शिकायत उस समय प्रदेश प्रभारी डी. पुरंदेश्वरी तक गई थी। ओवरएज को बाहर करने की तैयारी थी, लेकिन प्रदेश प्रभारी के बदले जाने का कारण यह मामला ठंड बस्ते में चला गया था।

## घट नहीं रहा लंबित राजस्व प्रकरणों का आंकड़ा

# 1 लाख में 25 हजार से ज्यादा प्रकरण 5 से 10 साल पुराने

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में राजस्व प्रकरणों का निराकरण करना अब आसान नहीं रहा है। शासन स्तर पर जरूर लंबित राजस्व प्रकरणों के निराकरण जल्द से जल्द करने के लिए प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक लेकर सख्त निर्देश भी दिए गए हैं, लेकिन हकीकत में कई जिलों के न्यायालयों में राजस्व प्रकरणों का निराकरण कई सालों बाद भी नहीं हो पा रहे हैं। यही कारण है कि प्रदेश में लंबित प्रकरणों का आंकड़ा एक लाख से अधिक है।

सूत्रों के अनुसार इन लंबित प्रकरणों में भी 25 हजार से ज्यादा ऐसे प्रकरण हैं, जिनकी सुनवाई न्यायालयों में 5 से 10 वर्ष तथा कइयों की उससे अधिक समय से चल रही है, लेकिन इसके बाद भी इन प्रकरणों का निराकरण नहीं हो पाया है। कई विवादित प्रकरण ऐसे भी हैं, जिसमें पक्षकारों में आवेदक, तो किसी में अनावेदक की मृत्यु तक हो चुकी है, जिसके कारण इन प्रकरणों में अब अफसर भी दिलचस्पी नहीं दिखा रहे हैं।




### इन जिलों में लंबित प्रकरणों की संख्या ज्यादा

| | | | |
|---|---|---|---|
| रायपुर | 5112 | जांजगीर | 3913 |
| बिलासपुर | 5233 | बेमेतरा | 4002 |
| दुर्ग | 9254 | बालोद | 4002 |
| कवर्धा | 3610 | राजनांदगांव | 3782 |
| कांकेर | 3719 | सरगुजा | 3966 |
| कोरबा | 4186 | बलरामपुर | 4604 |
| जशपुर | 3044 | मनेंद्रगढ़ | 3098 |

### कहीं घटे-कहीं बढ़े प्रकरण

लंबित प्रकरणों में किसी जिले में घटे है तो किसी जिले में बढ़े भी हैं। रायपुर जिले में लंबित प्रकरण तेजी से घटे। पिछले दो महीने में जिले में करीब 3 हजार प्रकरण घटे हैं। पहले लगभग 8 हजार प्रकरण लंबित थे, जो घटकर 5 हजार के करीब पहुंच चुके हैं। दुर्ग जिले में लंबित प्रकरण बढ़े हैं। यहां लंबित प्रकरणों की संख्या 9 हजार से अधिक है, जबकि दो माह पूर्व यहां लगभग साढ़े 8 हजार प्रकरण लंबित थे। इसके अलावा कई जिलों में लंबित प्रकरणों में ज्यादा अंतर नहीं आया है। अभी भी महासमुंद, राजनांदगांव, बेमेतरा, बालोद, बिलासपुर, रायगढ़, जांजगीर-चांपा, कवर्धा, बलौदाबाजार जैसे प्रमुख जिलों में 3 हजार से लेकर 5 हजार तक प्रकरण लंबित हैं। इनमें भी लगभग 20 से 25 प्रतिशत प्रकरण 5 से 10 साल के बीच के हैं।



## खबर संक्षेप



### राष्ट्रीय मछुआरा जागरूकता सम्मेलन की तैयारी, हुई बैठक

**रायपुर।** राष्ट्रीय मछुवारा संघ द्वारा 5 अक्टूबर को राष्ट्रीय मछुआरा जागरूकता सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन की रूपरेखा तैयार करने राष्ट्रीय मछुवारा संघ की अध्यक्ष गायत्री गायग्वाल के अध्यक्षता में विगत दिनों श्रीराम जानकी मंदिर निषाद समाज रायपुरा में बैठक हुई। बैठक में बताया कि इस सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य छग में मछुआरा समाज जनसंख्या के आधार पर तीसरा स्थान पर है, लेकिन समाज को जनसंख्यानुसार राजनीति में भागीदारी नहीं मिल पाई है और शासन की मछुआरा समाज के लिए जो नीति बनाई गई है, उसका लाभ जातिगत मछुआरा को नहीं मिल पा रहा है। इसके लिए समाज में जागरूकता लाकर अपनी अधिकार लेकर रहेंगे। कार्यक्रम में देशभर से मछुआरा समाज के प्रतिनिधियों का आगमन होना है, जिसमें केंद्रीय मंत्री, सांसद, विधायक और सामाजिक प्रतिनिधि शामिल हैं। बैठक में ओमप्रकाश धीवर, बुधराम धीवर, मोतीलाल हिरवानी, भुनेश्वरी बंजारी एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित हुए।

### पुरुषोत्तम बने राष्ट्रीय उपाध्यक्ष


**रायपुर।** अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पुरुषोत्तम सिंघानिया को बनाया गया है। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाए जाने पर श्री सिंघानिया ने कहा कि वे समाज की एकता, शिक्षा, संस्कृति एवं सेवा कार्यों को और अधिक सशक्त बनाने के लिए निरंतर प्रयास करेंगे। इस अवसर पर सम्मेलन प्रदेश अध्यक्ष अमर बंसल, महामंत्री जीजी अग्रवाल एवं कोषाध्यक्ष सुरेश चौधरी ने कहा कि उनकी कर्मठता, समाजसेवा के प्रति समर्पण तथा संगठनात्मक क्षमता को देखते हुए यह जिम्मेदारी उन्हें सौंपी गई है।

# तेलीबांधा थाना चौक से वीआईपी रोड-लभांडी तक लगा लंबा जाम

## देर रात तक ट्रैफिक जाम में फंसकर परेशान होते रहे वाहन चालक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शारदीय नवरात्रि में जगह-जगह दुर्गा पंडाल परिसर, होटल, पैलेस सहित कई जगहों पर देर शाम से लेकर देर रात तक गरबा सहित अन्य धार्मिक आयोजन किए जा रहे हैं। इन आयोजनों में शामिल होने वालों की भीड़ के कारण अब सड़कों पर भी जाम लगने लगा है। तेलीबांधा थाना चौक से लेकर वीआईपी रोड, लभांडी जाने वाले मार्ग पर होने वाले ज्यादातर आयोजनों में लोग दोपहिया एवं चौपहिया गाड़ियों से आवागमन कर रहे हैं, जिसके कारण इस मार्ग पर अब हर दिन जाम की स्थिति बन रही है। शनिवार को इस मार्ग पर रात करीब 10 बजे से लेकर रात 12 बजे तक जाम की स्थिति बनी रही। इस जाम में थोक में गाड़ियां काफी देर तक फंसी रहीं। हालांकि इस मार्ग पर बड़ी संख्या में गाड़ियों के लगातार आवागमन को देखते हुए यहां ट्रैफिक पुलिस को भी तैनात किया गया था, लेकिन उन्हें भी जाम को क्लीयर कराने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। कई गाड़ियों को जाम से निकलने में आधे घंटे से अधिक समय लग गया।





### शहर के दूसरे कई इलाकों में भी जाम की स्थिति

तेलीबांधा चौक, वीआईपी रोड, लभांडी रोड के अलावा शहर के भीतर लाखेनगर, आमापारा, रामसागरपारा, स्टेशन रोड, भगतसिंह चौक टिकरापारा, गुढ़ियारी सहित कई इलाकों में दुर्गा पंडालों में स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमाओं के दर्शन करने के साथ अन्य सार्वजनिक स्थानों पर गरबा, जगराता सहित विविध कार्यक्रमों को देखने के लिए भी भक्तों की भीड़ उमड़ रही है। इसके कारण शहर में रात के समय गाड़ियों का आवागमन भी बढ़ा है, जिसके कारण अब इन इलाकों में भी रात के समय जाम के हालात बन रहे हैं।

## वायरल इंफेक्शन के साथ अन्य बीमारियां, ऑक्सीजन और वेंटिलेटर भी पड़ रहे कम

# आंबेडकर अस्पताल के शिशु रोग विभाग में रेलवे जैसा आरएसी सिस्टम, एक बेड पर दो मरीज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

वायरल इंफेक्शन सहित अन्य बीमारियों के मरीज बढ़ने की वजह से आंबेडकर अस्पताल के पीडियाट्रिक वार्ड में बीमार बच्चों के इलाज के लिए रेलवे जैसा आरएसी सिस्टम अपनाना पड़ रहा है। मरीजों की संख्या ज्यादा होने की वजह से एक बेड पर दो शिशुओं को रखकर इलाज किया जा रहा है। बीमार बच्चों की संख्या इतनी ज्यादा हो गई है कि वहां ऑक्सीजन और वेंटिलेटर भी कम पड़ने लगे हैं।

शिशु रोग विभाग में 39-39 बेड के दो वार्डों के साथ 14 बेड का पीआईसीयू भी है। एक वार्ड में फायर फाइटिंग सिस्टम का काम चलने की वजह से उसका उपयोग नहीं हो पा रहा है। इसीलिए मरीजों का दबाव एक ही वार्ड पर बढ़ गया है। बीमार बच्चों की संख्या ज्यादा होने की वजह से एक बेड पर दो मरीजों को भर्ती कर उपचार करना पड़ रहा है। चिकित्सकों के मुताबिक पिछले कुछ समय से मौसमी बीमारी अपना असर दिखा रही है और छोटे बच्चे भी अधिक संख्या में उसका शिकार हो रहे हैं। अस्पताल के शिशु रोग विभाग की ओपीडी में काफी संख्या में बीमार बच्चे पहुंच रहे हैं, जिन्हें भर्ती करने की आवश्यकता हो रही है। इसके अलावा अन्य तरह की बीमारियों की वजह से भी कई बच्चे यहां रेफर होकर पहुंच रहे हैं। इसकी वजह से वार्ड में मरीजों का दबाव बढ़ गया है। सूत्रों के मुताबिक स्थिति यह बन रही है कि ऑक्सीजन के साथ यहां गंभीर स्थिति में आने वाले छोटे बच्चों के लिए वेंटिलेटर के लिए भी काफी मशक्कत करनी पड़ रही है।





### नए भवन का इंतजार

पीडियाट्रिक विभाग के डाक्टरों का कहना है कि जरूरतों के हिसाब से विभाग में मौजूद बेड की संख्या बेहद कम है। मरीजों की संख्या अधिक होने की वजह से सामान्यतः यहां इस तरह की स्थिति बनती रहती है। आंबेडकर अस्पताल में बनने वाले नए भवन में विभाग को शिफ्ट किए जाने के बाद आने मरीजों की सुविधाओं में बढ़ोतरी होगी। उस दौरान आवश्यकताओं के अनुसार वार्डों में उपचार के लिए नये संसाधन भी जुटाए जाएंगे।

### समस्या तो है

आने वाले किसी भी मरीज को भर्ती करने से इंकार नहीं किया जा सकता है। मौजूदा संसाधनों के जरिए उनका समुचित इलाज किया जा रहा है, इसके लिए बेड भी शेयर करवाना पड़ रहा है। वायरल इंफेक्शन की वजह से मरीज बढ़े है।

**- डा. ओंकार खंडवाल, विभागाध्यक्ष पीडियाट्रिक विभाग आंबेडकर अस्पताल**

### गायनी विभाग का भी वही हाल

अस्पताल के स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग में भी मौजूद संसाधन मौजूद मरीजों के हिसाब से काफी कम है। इसके कारण यहां आने वाली महिलाओं को प्रसव के बाद बेड शेयर करना पड़ता है। इस विभाग के डाक्टरों को भी अस्पताल के नये भवन बनने का इंतजार है। काफी समय पहले अस्पताल में मातृ एवं शिशु रोग विभाग के लिए पृथक बिल्डिंग बनाने की योजना थी जिसे बाद एकीकृत भवन की योजना में तब्दील कर दिया गया।

### काम अब तक शुरू नहीं

सात सौ बिस्तर के अस्पताल बनाने की योजना काफी समय बनाई गई थी। इसके निर्माण का काम सीजीएमएससी को दिया गया है योजना अब तक कागजों से बाहर नहीं आया है। जिस स्थल पर भवन का निर्माण किया जाना है वहां मौजूद हास्टल के पुराने भवन को ढहाने का काम तक शुरू नहीं हो पाया है। ऐसे में छोटा पड़ रहे आंबेडकर अस्पताल के पुराने भवन से नये में शिफ्टिंग के लिए कई साल इंतजार करना पड़ेगा।

# हत्या कर लाश रेलवे ट्रैक पर फेंकी, चार गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खमतराई थाना क्षेत्र में एक पखवाड़ा पूर्व अंधे कत्ल की गुत्थी को पुलिस ने मृतक के मोबाइल, सोशल मीडिया तथा सीसीटीवी फूटेज के माध्यम से सुलझा लिया है। हत्या के आरोप में पुलिस ने चार बदमाशों को गिरफ्तार किया है। हत्या की वजह मृतक द्वारा शराब के नशे में एक आरोपी की मां के साथ विवाद करना बताया जा रहा है। हत्या के आरोपियों को पुलिस ने मृतक के मोबाइल, सीसीटीवी फूटेज तथा सोशल मीडिया की मदद से गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। खमतराई टीआई सचिन सिंह के मुताबिक मूलतः बिहार निवासी ओंकार ओझा (27) जो दुर्ग, कुम्हारी में रहता था, उसकी हत्या के आरोप में भानू दास मानिकपुरी, पीकेश मानिकपुरी, कमलेश दास तथा संजय निषाद को गिरफ्तार किया है।

### इस वजह से हत्या

पुलिस के अनुसार ओंकार झा का अजय के घर आना-जाना था। घटना दिनांक को ओंकार नशे की हालत में अजय के घर पहुंचा। घर में अजय की मां के साथ ओंकार गाली-गलौज कर विवाद करने लगा। इस बीच अजय घर पहुंचा और ओंकार को अपनी मां के साथ विवाद करते देख वह आक्रोषित हो गया। इसके बाद अजय ने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर घर के पास ओंकार के साथ मारपीट की। इसके बाद वह अपने साथियों के साथ ओंकार को उसी के ई-रिक्शा में बैठाकर उरकुरा में एक तालाब के पास ले गया और वहां उसके साथ फिर से मारपीट करते हुए उसका गला दबाकर हत्या कर दी तथा लाश रेलवे ट्रैंक पर फेंक दी। मृतक के ई-रिक्शा को सूनसान इलाके में छोड़ कर अपने घर लौट आए।

### ऐसे पकड़े गए बदमाश

मारपीट से मृतक का चेहरा बुरी तरह से विकृत हो गया था। पहचान करने आसपास के थाना क्षेत्रों में फोटो सर्कुलेट किया। साथ ही शिनाख्ती के लिए मृतक की फोटो सोशल मीडिया में पोस्ट की गई। सोशल मीडिया के माध्यम से मृतक की पहचान हुई। पुलिस सीसीटीवी फूटेज की पड़ताल भी कर रही थी। पुलिस को मृतक का मोबाइल संजय के पास होने की जानकारी मिली।




13
शारदीय नवरात्रि की पंचमी पर देवी ....

## धर्म लाइव

### सामूहिक क्षमावाणी मैत्री महोत्सव आज, जैन रामायण पर आधारित नाटिका का होगा मंचन



रायपुर। संत शिरोमणि आचार्य गुरुवर 108 विद्यासागरजी महामुनिराज का अवतरण दिवस एवं सामूहिक क्षमावाणी (मैत्री महोत्सव) के रूप में रविवार को दोपहर 12.15 बजे से रायपुर के पं. दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में मनाया जा रहा है। रायपुर में इस वर्ष चातुर्मास कर रहीं आर्यिका 105 अंतर्मती माताजी के ससंघ सानिध्य में होगा। इस दौरान सकल दिगम्बर जैन समाज के तत्वावधान में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मुख्य आतिथ्य व रायपुर पश्चिम विधायक व पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेश मूणत की अध्यक्षता में कार्यक्रम होंगे। इस अवसर पर धर्म, समाज व देशहित के उद्देश्य से बनाई गई आचार्य विद्यासागर कल्याण सेवा संस्था द्वारा प्रारंभ की जाने वाली श्री विद्यासागर कल्याण योजना समाज को समर्पित की जाएगी।

#### माता सीता की अग्नि परीक्षा पर होगा मंचन

रायपुर सकल दिगंबर जैन समाज महिला मण्डल द्वारा शानदार जैन रामायण पर आधारित नाटिका माता सीता की अग्नि परीक्षा के मंचन के साथ ही विभिन्न मंदिरों द्वारा सामूहिक क्षमावाणी एवं अन्य कार्यक्रम का आयोजन संपन्न होगा। शनिवार को विमतारा भवन शांति नगर में पत्रकारवार्ता में सकल दिगंबर जैन समाज के अध्यक्ष विनोद बड़जात्या, ब्रह्मचारी सुनील, समाजसेवी मनीष जैन, सुरेंद्र जैन, अरविंद जैन, सकल दिगंबर जैन समाज के सचिव प्रदीप जैन ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए उक्त जानकारी संयुक्त रूप से प्रदाय की।

## सिटी इवेंट

### वॉकथॉन में शामिल होकर हजारों ने लिया स्वस्थ जीवन का संकल्प



रायपुर। एमएमआई नारायणा हॉस्पिटल द्वारा आयोजित एनएच वॉकथॉन में हजारों लोगों ने शामिल होकर स्वस्थ जीवन का संकल्प लिया। 14वें सीजन का वॉकथॉन सुबह अमर शहीद भगत सिंह चौक से उत्साह और उमंग के साथ हुआ। इस अवसर पर हॉस्पिटल की कार्डियक टीम डॉ. एसएस पाढ़ी, डॉ. सुनील गौणियाल, डॉ. पीके हरि, डॉ. वसीम खान एवं डॉ. स्नेहिल गोस्वामी, कार्डियक एनेस्थेटिक डॉ. राकेश चांद मौजूद रहे। डॉक्टरों ने प्रतिभागियों को नियमित पैदल चलने के लाभ के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि वॉकिंग से हृदय स्वस्थ, ब्लडप्रेशर और शुगर लेवल नियंत्रित, तनाव कम और हार्ट अटैक की संभावना घटती है।

#### विजेता बनीं कांति कुमारी

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि सीआरपीएफ 211 बटालियन से इंस्पेक्टर राकेश सिंह की टीम, सीआरपीएफ 65 बटालियन से इंस्पेक्टर नागेंद्र प्रताप सिंह, जिंदल ग्रुप से प्रदीप टंडन एवं माई एफएम से साजी लुकास उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम की विजेता कांति कुमारी को आईफोन 17 गिवअवे दिया गया। साथ ही जोश और फिटनेस से भरपूर जुम्बा डांस सेशन ने प्रतिभागियों का उत्साह दोगुना कर दिया। हॉस्पिटल फैसिलिटी डायरेक्टर अजित बेल्लोमकोंडा ने कार्यक्रम को सफल बनाने में रायपुर पुलिस, ट्रैफिक पुलिस और नगर निगम का धन्यवाद व्यक्त किया, जिन्होंने बेहतर प्रबंधन और सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की।

## समाज लाइव

### बहराणा साहब की निकाली शोभायात्रा, किया विसर्जन



रायपुर। देवपुरी स्थित गोदड़ीवाला धाम में संत बाबा हरदासराम साहेब के 34वें वर्षी महोत्सव की धूम है। ब्रह्मस्वरूप बाबा गेलाराम साहेब के आशीर्वाद से जलगांव साहेब के महंत साईं देवीदास और देवपुरी दरबार की महंत अम्मा मीरा देवी के सानिध्य में शनिवार को भक्तिमय माहौल बना। इसमें शामिल होने के लिए दूरदराज से आए समाजजनों का उत्साह भी देखने लायक था। सुबह 10 बजे अखंड श्री गुरुग्रंथ साहेब की आरती और सत्संग-कीर्तन दोपहर 12 बजे तक चला। बहराणा साहब की पूजा के बाद भगवान झूलेलाल बहराणा साहब गोदड़ीवाला धाम से शोभायात्रा के रूप में देवपुरी कमल विहार स्थित तालाब पहुंची। जहां विधि-विधान से पूजा-अर्चना के बाद जय जय झूलेलाल के जयकारे लगाते हुए विसर्जन किया गया। दोपहर में छत्तीसगढ़ सिंधी साधु समाज के विशेष भोज का भी सिलसिला चला।

#### भजनों की प्रस्तुति का सिलसिला शुरू

शाम 5 बजे से गोदड़ीवाला धाम में महिला मंडल का सत्संग और भजनों की प्रस्तुति का सिलसिला शुरू हुआ। शाम 6 बजे गोदड़ीवाला प्राथमिक पाठशाला के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए गए। रात 8 बजे बाबा की अखंड धूनी पाठ साहेब शुरू हुआ। इसमें प्रमुख रूप से साईं राजेश लाल, साईं सुदामा लाल, डॉ. मनमोहन कृष्ण, साईं लालदास, बेबी कशिश, बेबी फ्रांसिसी द्वारा भजन, कीर्तन सत्संग किया गया। सभी संगत को संतों का आशीर्वाद प्राप्त हुआ। दिनभर अखंड भंडारा चलता रहा, जिसमें सर्व समाज ने प्रसाद ग्रहण किया।

**राजधानी में हरिभूमि-आईएनएच न्यूज के रास गरबा में पहले दिन छलका उत्साह, होटल, गार्डन और मैदान में गरबा की धूम**

# भक्तिभाव से आदिशक्ति की आराधना संग थिरके पांव, ताल से ताल मिलाकर भरी चौकड़ी-छकड़ी

'शहर और इससे दूर आउटर इलाके तक इन दिनों रास गरबा की धूम मची हुई है। गुंजन्स आयोजन और हरिभूमि-आईएनएच न्यूज के रास गरबा के पहले दिन सेरीखेड़ी में ललित महल और वीआईपी रोड के ओमाया गार्डन में शनिवार की शाम आदिशक्ति की भक्तिभाव से पूजा और आराधना के साथ ही भक्ति से ओतप्रोत पारंपरिक गरबा गीतों पर गुजराती, राजस्थानी पहनावे में गरबा प्रेमियों के पांव थिरक रहे थे, वहीं ताल से ताल मिलते ही भाव में रमे गरबा प्रेमियों ने भक्ति में ऐसी चौकड़ी-छकड़ी भरी कि मंडप में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। इसमें हर वर्ग के लोग भक्ति भाव से गरबा करते हुए इसे आस्था और उत्सव का रूप देते हुए माता को रिझाने में तल्लीन नजर आए।'


गुढ़ियारी गरबा उत्सव





रायपुर। शहर से दूर सेरीखेड़ी स्थित ललित महल में रास गरबा का शुभारंभ रात 8 बजे विधि-विधान से पूजा-अर्चना के साथ किया गया। कार्यक्रम के आयोजक गुंजन चौहान ने सभी प्रतिभागियों को गरबा में तीन दिन तीन थीम की जानकारी दी। पहले दिन की थीम ट्रेडिशनल ड्रेस होने से लोग तैयारी के साथ शामिल होनेपहुंचे। लोगों ने उत्सव को भक्ति से सजाने का सुंदर प्रयास किया। मीडिया पार्टनर हरिभूमि-आईएनएच न्यूज के साथ आयोजक ने पहले दिन मंच से माता के जयकारे से लोगों का रास गरबा में स्वागत किया। रंगीन लाइट व म्यूजिक सिस्टम के साथ पारंपरिक गीतों पर रास गरबा में चौकड़ी-छकड़ी भरने का दौर जैसे-जैसे आगे बढ़ रहा था, वैसे-वैसे लोगों का ग्रुप भी कदमताल मिलाते हुए, माता को रिझाने का जतन करते हुए और मंडप में थिरकते माता की भक्ति में तल्लीन था। जैसे-जैसे गीतों का क्रम बदल रहा था, लोगों को कनेक्ट करने का दायित्व गुंजन चौहान एवं उनकी टीम निभा रही थी। दूर-दूर से पहुंचे लोगों को भक्ति का माहौल देने पुख्ता तैयारी की गई।





### आकर्षक गरबा शैली से लोगों के बीच जमाया रंग

जैसे-जैसे रास गरबा की श्रृंखला में भक्ति गीतों से सराबोर गरबा मंडप में लोगों का उत्साह भी बढ़ता जा रहा था। हर राउंड के बीच में थोड़ी देर का ब्रेक दिया गया। मंचस्थ अतिथियों ने हरिभूमि-आईएनएच न्यूज के बैनर तले लोगों की हौसला-अफजाई की। प्रतिस्पर्धा के चलते ही नहीं, बल्कि अलग-अलग ग्रुप से जुड़े रास गरबा दलों ने भी अपनी आकर्षक गरबा शैली से लोगों को उत्सव का माहौल दिया।लोगों को व्यंजनों का स्वाद लेने का अवसर देने के लिए स्टाल्स भी सजाए गए हैं। इससे लोगों को खानपान के लिए विकल्प मिला। इस बार भी महिलाओं और युवतियों का रास गरबा दल आकर्षण का केंद्र बना है। दूसरी तरफ युवाओं का ग्रुप भी पारंपरिक परिधान में उत्सव का हिस्सा बना।

## ढोल-नगाड़ों की थाप पर जमकर थिरके

**लाइव गरबा कंसर्ट**

हरिभूमि प्रिंट मीडिया पार्टनर, वीआईपी रोड स्थित ओमाया गार्डन रिसॉर्ट में रास गरबा उत्सव का भव्य आयोजन हुआ। इस अवसर पर इंडियन आइडल फेम और मशहूर गायिका तोरषा सरकार ने लाइव गरबा कन्सर्ट की प्रस्तुति दी, जहां दो हजार से अधिक गरबा प्रेमियों ने हिस्सा लिया। रात 9 बजे शुरू हुए रास गरबा में पारंपरिक गरबा परिधानों में सजी-धजी भीड़ ने थिरकते कदमों से उत्सव को जीवंत बना दिया। चमचमाते रंगबिरंगे कपड़ों में गरबा प्रेमी सांस्कृतिक महोत्सव का आनंद लेते नजर आए।

### पारंपरिक परिधानों में रास गरबा का आनंद

ढोलिड़ा ढोल रे वागाड़ मारे हिंच लेवी छे.. पंखिड़ा तू उड़ी ने जाना पावागढ़ रे, महाकाली से मिलके कहना गरबा खेलेंगे..ढोलिड़ा सैय्यर म्हारी सैय्यर रे, हिच लाई गरबे घुमो, ढोलिड़ा न ढोल वाग्या ढम..गरबा गाने पर बच्चे, जवान और बुजुर्ग भी खुद को गरबा खेलने से रोक न सके। ओमाया गार्डन में युवाओं से लेकर बुजुर्ग व कपल्स की भीड़ देखने को मिली। जहां एक बुजुर्ग दंपति ने युवाओं के एनर्जी व उत्साह के साथ ताल से ताल मिलकर जोशीले अंदाज में गरबा खेलकर माहौल बना दिया।

**ओमाया गार्डन रिसॉर्ट में मची गरबा डांडिया की धूम**







### सनेड़ो सनेड़ो, लाल लाल सनेड़ो...

गरबा उत्सव में जबरदस्त उत्साह के साथ पारंपरिक गीतों की गूंज सुनाई दी। लोकप्रिय गरबा गीत "राधा ने रूप छे तो कानूड़ा रे प्रीत छे, गोरी राधा ने कारो... सनेड़ो सनेड़ो, लाल लाल सनेड़ो, बाबो घुमावे घोडलियो लाल सनेड़ो..." पर कपल्स थिरकते दिखे। हाथों में डांडिया और एक जैसे परिधानों में डांडिया करते सिंगल्स और कपल्स खूब फब रहे थे। तीकड़ी, चौकड़ी और छकड़ी गरबा स्टेप्स के साथ कपल्स ने गाने के हुक स्टेप को भी हुआ। काड़ियों और घाघरा-चोली सांस्कृति एवं पारंपरिक साज सज्जा के साथ महिलाएं विशेष रूप से सजी दिखी। सैकड़ों गरबा प्रेमी गानों की ताल पर एक साथ कदम ताल करते नजर आए, जिससे उत्सव में एक अलग ही उमंग और रंग भर गया।

### कैंसर सर्जरी के लिए फंड जुटाने जमकर किया गरबा डांस





रोटरी क्लब ऑफ रायपुर क्वींस एवं रोटरी क्लब ऑफ रायपुर रॉयल्स के गरबा आयोजन में युवाओं ने जमकर डांस किया। यह आयोजन केवल नृत्य और उत्सव का नहीं था, बल्कि एक पावन संकल्प था। कैंसर सर्जरी के लिए निधि एकत्रित करने के लिए। रायपुरवासियों के उत्साह और सहयोग ने इस उद्देश्य को सार्थक कर दिया। सभी ने पारंपरिक वेशभूषा में गरबा नृत्य किया। बतौर विशेष अतिथि सांसद बृजमोहन अग्रवाल शामिल हुए। इस दौरान रोटरी डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटेरियन अमित जायसवाल अपनी धर्मपत्नी रोटेरियन पल्लवी जायसवाल के साथ व क्वींस क्लब की अध्यक्ष रोटेरियन दीपिंदर कौर रेहल शामिल रहे। कार्यक्रम की सफलता में नगर निगम पार्षद आकाश तिवारी का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम में गरबा नृत्य के जरिए माता की आराधना की गई।

### डागा कॉलेज में गरबा गीतों पर जमकर झूमीं छात्राएं





गोकुलदास डागा कन्या महाविद्यालय में शनिवार को गरबा-डांडिया का आयोजन किया गया। गरबा का शुभारंभ मां दुर्गा की आरती व आराधना के साथ हुआ। कार्यक्रम के दौरान सभी विद्यार्थी पारंपरिक रूप से तैयार होकर पहुंचे थे। महाविद्यालय प्रांगण में गरबा गीतों पर छात्राएं लगातार झूमती रहीं। सभी ने गोलाकार बनाकर पैरों व हाथों से ताल मिलाकर एक-दूसरे के साथ गरबा खेला। साथ ही कुछ छात्राएं ग्रुप में मैचिंग आउटफिट्स में नजर आईं। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि दक्षिण रायपुर के विधायक सुनील सोनी, राज्य बाल संरक्षण आयोग की अध्यक्ष डॉ. वर्णिका शर्मा, बाल आश्रम के अध्यक्ष अजय तिवारी और आर्किटेक्ट आरके गुप्ता शामिल हुए। प्रांगण में मौजूद सभी सदस्य गरबा गीतों पर झूमते नजर आए। साथ ही महाविद्यालय में निर्मित भव्य सेमिनार हॉल का लोकार्पण और बाल आश्रम में तीन कमरों के निर्माण के लिए भूमिपूजन अतिथियों ने किया।

दुर्गोत्सव


कंकाली मंदिर परिसर, कंकालीपारा


श्री गुढ़ियारी दुर्गा उत्सव समिति पड़ाव द्वारा छत्तीसगढ़ की संस्कृति सुआ नृत्य व माता के 9 रूपों की चलित झांकी।


जागृति बाल समाज दुर्गोत्सव समिति, यादव मोहल्ला टिकरापारा


मातृशक्ति नवरात्रि उत्सव समिति सेक्टर 8 सड्डू


हनुमान मंदिर दुर्गोत्सव समिति, बैस गली



नव युवा दुर्गा उत्सव समिति छतौना


श्री श्री मां नवदुर्गोत्सव समिति सर्वोदय नगर पचपेड़ी नाका


मां दुर्गोत्सव समिति, रोहिणीपुरम


श्री जगदम्बा दुर्गोत्सव समिति, बढ़ईपारा


जय दुर्गा उत्सव समिति चांदनी चौक सड्डू


सांस्कृतिक परिपालन मंच डीडीनगर सेक्टर 2

महामाया मंदिर में 11001 ज्योति कलश पर ध्वजा स्थापित, मंदिर परिसर में 10 हजार से अधिक श्रद्धालुओं की भीड़

# शारदीय नवरात्रि की पंचमी पर देवी पंडालों में पारंपरिक श्रृंगार पूजन, दर्शन के लिए लंबी कतारें

रायपुर। पंचमी तिथि पर शहर के प्रमुख देवी मंदिरों में ब्रह्ममुहूर्त से देवी मां का पूजन-अनुष्ठान निरंतर चलता रहा, भक्त सपरिवार सुबह की आरती में शामिल हुए। पंचमी श्रृंगार को लेकर उत्साह देखा गया, जो देर रात तक लंबी कतारों में देवी मां के दर्शन के लिए नजर आए। काली मंदिर में देर रात महाआरती के दौरान श्रद्धालु मां काली के दर्शनमात्र के लिए परिसर व रोड तक लंबी कतार में दिखे। जो हाथों में श्रृंगार सामग्री व श्रीफल लेकर पहुंचे थे। पंचमी के पावन पर्व पर मंदिर परिसर व देवी पंडालों में श्रद्धा का अद्भुत संगम देखने को मिला, शहर के साथ आसपास के क्षेत्रों से भी भक्त मनोकामना ज्योति कलश के दर्शन के लिए घंटों इंतजार करते रहे।







## महामाया मंदिर में देर रात तक उमड़ा जनसैलाब

पंचमी तिथि पर श्री महामाया देवी मंदिर परिसर में देर रात तक 10 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने माता के दर्शन किए, वहीं देर रात 8-9 बजे मंदिर परिसर के अंतिम छोर तक भक्त अपनी बारी का इंतजार करते दिखे। परिसर स्थित दोनों देवी प्रतिमाओं का पारंपरिक श्रृंगार और पूजा की गई, माता समलेश्वरी देवी का श्रृंगार पांच साड़ियों से किया गया, वहीं महामाया देवी का तीन सुंदर साड़ियों से विशेष श्रृंगार किया गया। इस दौरान स्वर्ण हार, अलंकृत मुकुट और चमचमाता झूमर श्रद्धालुओं में आकर्षण का केंद्र बना रहा।

## चुनरी, आभूषण और सुगंधित फूलों से किया श्रृंगार

रावांभाठा स्थित बंजारी मंदिर में फूल व स्वर्ण मुकुट से प्रतिमा सजाई गईं। पंचमी पर बैगा समूह द्वारा पारंपरिक देवी पूजन किया गया, इस दौरान प्रज्ज्वलित माई ज्योति पर कलश स्थापित किया गया। बंजारी मंदिर परिसर में दिनभर भक्तों के लिए भंडारा की व्यवस्था की गई, जहां दर्शन के लिए सैकड़ों की भीड़ मंदिर परिसर में नजर आई। साथ ही कंकाली मंदिर और दंतेश्वरी मंदिर में भी शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर विशेष पूजन-अनुष्ठान और धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।



## सुबह 5 से रात 10 बजे तक छह बार मां काली का श्रृंगार

आकाशवाणी स्थित काली मंदिर में पूरे दिन मां का अद्भुत श्रृंगार ही श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र बना रहा। सुबह 5 बजे से रात 10 बजे तक छह बार मां काली नवीन पोशाक से सुशोभित श्रृंगार में दिखीं। श्रृंगार दर्शन के साथ नौ कन्याओं का पूजन भी किया गया। इस मौके पर श्रद्धालुओं के लिए भोग-भंडारे की व्यवस्था की गई, जिसमें हजार से अधिक भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। शाम को महाआरती में भक्त मनोकामना अनुसार श्रृंगार सामग्री, श्रीफल, प्रसादी व नीबू से तैयार माला के साथ मंदिर परिसर पहुंचे।

## ऑपरेशन सिंदूर को समर्पित कालीबाड़ी का ऐतिहासिक दुर्गा पूजा उत्सव

बंगाली कालीबाड़ी समिति कालीबाड़ी चौक के पास 93वें वर्ष भी दुर्गा पूजा उत्सव की धूम रहेगी। उत्सव ऑपरेशन सिंदूर के प्रतीक सिंदूर रंग से सराबोर रहेगा। दुर्गा पूजा के बारे में अध्यक्ष तन्मय चटर्जी, प्रणीत सेनशर्मा, राजेंद्र बनर्जी और एसके धर ने उत्सव की जानकारी देते हुए कालीबाड़ी में पत्रकारवार्ता में बताया कि इस बार माता गृहिणी के स्वरूप में विराजमान होंगी। साथ ही पंचमी तिथि पर माता का स्वागत भक्तिभाव से करते हुए पं. राधाकिशन चक्रवर्ती के मार्गदर्शन में स्थापना होगी। बंगाली विधि-विधान से पूजा-अर्चना के साथ ही घर में बेटी के आने पर खुशी का माहौल दर्शनार्थियों को देने की तैयारी है।

## कलाकार सजाएंगे गीत-संगीत की महफिल

उन्होंने बताया कि इस बार माता की स्थापना के साथ ही हर शाम को पूजा-आरती के बाद बच्चों, महिलाओं और युवाओं के ग्रुप पंडाल में उत्सव का हिस्सा बनने के लिए आने वाले लोगों को गीत-संगीत, बंगाली नाटक से बेहतर माहौल देंगे। इसके लिए अलग से टीम भी बनाई गई है। इस बार दशमी तिथि गुरुवार को पड़ रही है। बंगाली समाज में बहन-बेटी की विदाई गुरुवार को नहीं की जाती है। इस वजह से 3 अक्टूबर को दोपहर 3 बजे से माता की विदाई से जुड़ी परंपरा निभाई जाएगी। इस दौरान सिंदूर दान के बाद महिलाएं सिंदूर खेला के साथ ही नम आंखों से माता को विदाई देने के लिए निकलेंगी।

## पंचमी तिथि पर मां शीतला का अलौकिक रूप



रायपुरा शीतलापारा स्थित मां शीतला देवी मंदिर का दिव्य श्रृंगार श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बना। पंचमी में माता का ऐसा अलौकिक रूप सजाया गया कि मानों देवी स्वयं भक्तों को आशीर्वाद देने के लिए प्रकट हुई हों। शहर के बूढ़ातालाब स्थित शीतला मंदिर, आमापारा स्थित शीतला देवी मंदिर, डगनिया स्थित शीतला मंदिर में विधिवत पंचमी पूजन निरतंर जारी रहा।

रायपुर बाजार
Contact For Advertisement
79871 19756
90981 38778


भोई स्वीमिंग अकादमी
Bhoi SWIMMING ACADEMY
चौबे कालोनी रायपुर में जल्दी स्वीमिंग सीखने के लिए ज्वाईन करें
यहां उत्कृष्ट अनुभव प्राप्त प्रशिक्षकों द्वारा उच्च स्तरीय तैराको को विशेष रूप से स्वीमिंग का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।
सुबह का समय - 6 से 7, 7 से 8, 8 से 9, 9 से 10 बजे तक
शाम का समय - 4 से 5, 5 से 6, 6 से 7, 7 से 8 बजे तक
विशेष - रविवार को सुबह 9 से 10 बजे
FREE DEMO CLASS
बालक/बालिका को दिया जाएगा...
मो. 9589854455

सजाएं अपना घर
शो-पीस • मेटल आर्ट • पेंटिंग
वॉल क्लॉक • मिरर • फ्लावर पॉट
आर्टिफिशियल प्लान्ट्स
एवं कई अट्रैक्टिव आइटम्स D'Art
SUNDAYS OPEN
86, गेट नं.-1, महालक्ष्मी मार्केट, पंडरी, रायपुर. © 9300015858, 7415800058

क्लीन किचन
प्योर वेज थाली (पार्सल)
110/-,160/-, 210/-
पार्सल हेतु संपर्क करें :
रायपुर हॉस्टल
पेंशनबाड़ा, पुलिस पब्लिक स्कूल के सामने, रायपुर
© 88780 00127, 79998 44943
AC, Non-AC रूम उपलब्ध 24X7
: कॉल करें :
बॉयज़ एवं गर्ल्स पी.जी.
सर्वसुविधायुक्त, शुद्ध शाकाहारी भोजन व नाश्ता
किटी पार्टी, बर्थ डे पार्टी के लिए उपयुक्त
स्टूडेंट्स हेतु मासिक भोजन पर 10%
4 थाली पर 1 थाली FREE (पार्सल)
शुगर फ्री थाली
LOW CALORY
आलू, प्याज, लहसून रहित पौष्टिक एवं शुद्धतापूर्ण हाईजेनिक

पटेल बोरवेल्स
मोटर वाइंडिंग किया जाता है
Kirloskar TEXMO C.R.I. PUMPS
रिंग रोड नं. -1 संतोषी नगर चौक, बोरिया रोड रायपुर (छ.ग.)
9200003357 ★ 7999898750

पैसा चाहिए ? हमारे पास आइए
(केवल बिजनेस लोन) एजेंट आमंत्रित
न्यूनतम कागजी कार्यवाही
5 हजार से 5 लाख तक बिजनेस लोन
आज लोन लीजिए 100 किश्तों में पटाइये
मोटवानी फायनेंस
93404-44755
गली नं. 03, सिंधी कॉलोनी, तेलीबांधा, रायपुर



शोधग्रंथ- "छत्तीसगढ़ के प्राचीन किलों की स्थापत्य कला"

माननीय विष्णुदेव साय मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार छ.ग. शासन के उच्च शिक्षा संचालनालय के पत्र कं. 1889 नया रायपुर दि. 4.8.2025 के अनुसार छत्तीसगढ़ के समस्त शासकीय महाविद्यालय के प्राचार्यो को महाविद्यालयीन ग्रंथालय हेतु उक्त शोधग्रंथ को उपयोगितानुसार कय किया जाने का आदेश जारी किया गया है। प्राप्ति स्थल–सेन्ट्रल बुक हाउस, पुस्तक प्रतिष्ठान सदर बाजार रायपुर आदि पुस्तक दुकानों में उपलब्ध है, पृष्ठ संख्या 420, मुल्य 700 रू.। महाविद्यालयों के ग्रंथालयों हेतु 25% छुट के लिए सम्पर्क करे – डॉ.टी.आर.रामटेके, संजय नगर, मुख्य मार्ग, रायपुर (छ.ग.), मो.8349362428।

30 से 50% लेस
IN YOUR HOME
OLD MATTRESS EXCHANGE OFFER
संजय रूई भंडार
निराकांरी फर्नीचर के पीछे, कांच घर गोडाऊन के पास, पंडरी, रायपुर
9827976266, 7987918262



शोधग्रंथ- "छत्तीसगढ़ के प्राचीन किलों की स्थापत्य कला"

शोधलेखक डॉ.टी.आर.रामटेके। (पीएच.डी. उपाधि हेतु इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ छ.ग. से स्वीकृत शोधप्रबंध )। जिसमें छत्तीसगढ़ के किले, पुरातात्विक स्मारकों की स्थापत्य कला तथा छत्तीसगढ़ के प्राचीन काल से कलचुरी काल (ई.1750) तक का राजनीतिक इतिहास को लगभग 150 रेखाचित्र एवं 450 रंगीन छायाचित्र के माध्यम से विश्लेषण किया गया है। जिसे राज्य के महाविद्यालयों के छात्र–छात्राओं को समझना आवश्यक है, जो सीजीपीएससी की प्रतियोगी परीक्षाओं हेतु उपयोगी है।

INFINITY
DYNAMO Electric Vehicle
70km Range
Double Disc Brake
Smart Lock
NFC CARD ON
FREE 3 SERVICE
एक लाख में 2
2 Year Warranty
CHAWLA ELECTRIC
जी.ई. रोड तेलीबांधा रायपुर,
मो. 87708 96699, 99079 60900

Direct from factory
Offer 35% less
Call for more details
Interio's
World of Interiors & Modular Kitchen
Modular Kitchen & Furnitures
Add: RamNagar, Raipur
Mo.: 9131033787, 7071873333

HORIZON OF STARS & PLANETS
(ASTRO NUMERO TAROT)
आपकी परेशानियाँ- पैसा, प्रोपर्टी, शादी, नौकरी, स्वास्थ्य, पारिवारिक समस्या,
नकारात्मक्ता जैसी सभी परेशानियों का समाधान- कुंडली, अंक ज्योतिष एवं टैरो द्वारा किया जाएगा।
JAYTE B. TAAUNK
Dubey Colony Mowa, Raipur
7354987700, 8349299252

आपके विज्ञापन के लिये जगह उपलब्ध है।
संपर्क करें
मो. 6263818152, 7067183593

# स्वच्छ शहर जोड़ी अभियान में रायपुर बना बीरगांव का मेंटर, 100 दिनों में 8 बिंदुओं पर करना होगा बेहतर प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 में स्वच्छ जोड़ी शहर के रूप में देश के 200 शहरों में रायपुर और बिरगांव नगर निगम की जोड़ी ने रैकिंग में टॉप पर जाने के लिए शनिवार को एमओयू किया है। केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने शनिवार को राष्ट्रीय स्तर पर स्वच्छ शहर जोड़ी पहल का वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग का शुभारंभ किया। इस पहल के अंतर्गत रायपुर और बीरगांव की जोड़ी बनी है, जिसमें रायपुर निगम स्वच्छता के क्षेत्र में बीरगांव निगम का मेंटर बना तथा बिरगांव मेंटी बना है। इस विडियो कांफ्रेंसिंग के दौरान दोनों निगमों के बीच एमओयू हुआ। इस एमओयू पर दोनों निगम के महापौर मीनल चौबे एवं नंदलाल देवांगन तथा आयुक्त विश्वदीप, बीरगांव आयुक्त युगल किशोर उर्वशा ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए।

## रायपुर नगर निगम और बीरगांव नगर निगम ने किए समझौता एमओयू पर हस्ताक्षर

### इस तरह के अभियान से जनभागीदारी को नई दिशा मिलेगी : महापौर मीनल

विडियो कांफ्रेंसिंग के दौरान महापौर मीनल चौबे ने कहा कि स्वच्छ और स्वस्थ शहरों के निर्माण में ऐसे अभियान निश्चित ही जनभागीदारी को नई दिशा मिलेगी। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने भी कहा कि प्रधानमंत्री ने लाल किले की प्राचीर से पूरे देश से स्वच्छता का जो आव्हान किया था। अब हमें 'कर्म हमारा स्वच्छता हो, धर्म हमारा स्वच्छता हो' के ध्येय से आगे बढ़ना है तथा बढ़ते हुए 'स्वच्छमेव जयते' के नारे को साकार करना है।




### देश के 200 शहरों के साथ इस अभियान में शामिल हुआ रायपुर

इस नए अभियान के अंतर्गत देश भर के 200 शहरों के बीच वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से एक साथ एमओयू पर हस्ताक्षर हुए, जिसमें रायपुर और बिरगांव नगर निगम भी शामिल रहा। इस अवसर पर केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय के अधीन स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) के 'स्वच्छोत्सव-2025' गीत भी ऑनलाइन रिलीज किया। इस विडियो कांफ्रेंसिंग में इस गीत के गायक शैलेंद्र सिंह सोढ़ी और संगीतकार अमित त्रिवेदी भी जुड़े।

### 100 दिनों में इन 8 बिंदुओं पर करना होगा बेहतर प्रदर्शन

खुद को स्वच्छ जोड़ी शहर साबित करने के लिए जोड़ी शहर को प्लान के क्रियान्वयन के लिए 100 दिनों का लक्ष्य मिला है। इस लक्ष्य के लिए 8 बिंदु तय किए गए हैं, जिसमें दर्शनीय स्वच्छता, कचरा पृथक्कीकरण एवं परिवहन, ठोस अपशिष्ट प्रसंस्करण, सफाई तक पहुंच, उपयोगित जल प्रबंधन, सैप्टिक टैंक सफाई का मशीनीकरण, स्वच्छता जागरूकता और नागरिक प्रतिक्रिया एवं शिकायत निवारण शामिल है। इसके आधार पर स्वच्छ शहर जोड़ी के मेंटर और मेंटी शहर के प्रदर्शन के औसत के आधार पर आगामी स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 में दोनों का आकलन किया जाएगा।

## खबर संक्षेप



### जोरा में पक्का बाजार का भूमिपूजन

**रायपुर।** विधायक अनुज शर्मा और पार्षद रेनू जयंत साहू ने शनिवार को जोरा के पक्का बाजार का भूमिपूजन किया। श्री साईं दर्शन आवासीय समिति साईंनगर जोरा के पूर्व अध्यक्ष डॉ. देवेंद्र कुमार सूर्यवंशी और उनकी सशक्त टीम सालों से सभी संबंधित जनप्रतिनिधियों के सतत संपर्क में रहते हुए जोरा के कच्चा बाजार को पक्का बाजार बनाने की मुहिम में लगातार लगी रही। प्रमुख रूप से सांसद बृजमोहन अग्रवाल और क्षेत्रीय विधायक अनुज शर्मा की प्रबल पहल पर अब जोरा का पक्का बाजार अपना अच्छा आकार लेगा। कृषि मंत्री रामविचार नेताम के प्रयासों से उनके अधीनस्थ मंडी बोर्ड के माध्यम से जनता को आदर्श पक्का बाजार की सौगात मिलेगी। बड़े-बड़े दो पक्के शेड का निर्माण, सीसी रोड और बाउंड्रीवॉल निर्माण के साथ ही साथ विधिवत वाहन पार्किंग व्यवस्था भी होगी।

### पटना में छत्तीसगढ़ी कहानी वाचन के लिए साहित्यकार दीनदयाल हुए शामिल



**रायपुर।** साहित्य अकादमी नई दिल्ली द्वारा पटना भवन में तीन दिवसीय 25 से 28 सितंबर तक अंतर्राष्ट्रीय साहित्य महोत्सव उन्मेश-2025 का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम भारत सरकार संस्कृति मंत्रालय और बिहार सरकार की ओर से किया गया। कार्यक्रम में देश-विदेश के कथाकार, उपन्यासकार, शोधार्थी और साहित्य जगत से जुड़ी प्रतिभाओं को आमंत्रित किया गया था। साथ ही 24 भाषाओं के अलावा 70 आदिवासी जातियों के लेखक भी शामिल हुए। इस महोत्सव में छत्तीसगढ़ी कहानी वाचन के लिए भिलाई नगर निवासी साहित्यकार व संपादक दीनदयाल साहू आमंत्रित किए गए थे।

## निधन

### डॉ. पीएस कुलकर्णी

**रायपुर।** जामनगर गुजरात निवासी डॉ. प्रभाकर सीताराम कुलकर्णी का शनिवार 27 सितंबर को निधन हो गया। उनका अंतिम यात्रा 28 सितंबर को दोपहर 3:30 बजे चौबे कॉलोनी से महादेवघाट श्मशानघाट जाएगी। वे सुधीर, सुप्रिया और डॉ. मेधा के पिता एवं डॉ. प्रशांत भागवत के ससुर थे।



### पवन यदु



**रायपुर।** ग्राम माना बस्ती निवासी पवन यदु (63) का 27 सितंबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार माना मुक्तिधाम में किया गया। वे गगन, महेंद्र, सागर यदु के पिता थे।

## नवरात्रि में 30 हजार वाहन बिकने का अनुमान

# ऑटोमोबाइल सेक्टर पर बरस रही है माता रानी की कृपा, रोज बिक रहे तीन हजार वाहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ जीएसटी कम होने से ज्यादा हो रही है खरीदारी

नवरात्रि में बाजार में चारों तरफ बूम आया हुआ है। इसके पीछे का एक बड़ा कारण जीएसटी में बदलाव भी है। इसका सबसे बड़ा असर ऑटोमोबाइल सेक्टर में देखने को मिल रहा है। वाहनों के दाम में बहुत ज्यादा राहत मिली है। ऐसे में ऑटोमोबाइल सेक्टर में इस समय माता रानी की कृपा ज्यादा बरस रही है। प्रदेश में रोज तीन हजार वाहन बिक रहे हैं। नवरात्रि इस बार दस दिनों की है। ऐसे में इस बार 30 हजार वाहन बिकने का अनुमान है। इसमें से 25 हजार दोपहिया और पांच हजार चारपहिया वाहन बिकेंगे। यह बीते साल से करीब 25 फीसदी ज्यादा होंगे।

वाहन खरीदने वालों को हमेशा से ही नवरात्रि का इंतजार रहता है। नवरात्रि में नौ दिनों तक शुभ मुहूर्त माना जाता है। पूरे नौ दिनों तक वाहन बिकते हैं। इस बार भी नवरात्रि पर पहले ही दिन से लगातार वाहन बिक रहे हैं। इस बार यह खास बात यह है कि जीएसटी में बदलाव के कारण वाहन दस फीसदी सस्ते हो गए हैं। ऐसे में ग्राहकों को बड़ी बचत हो रही है तो वाहनों की बिक्री ज्यादा हो रही है।

### 25 फीसदी ज्यादा बिकेंगे

ऑटोमोबाइल सेक्टर से जुड़े कारोबारियों का कहना है कि इस बार जीएसटी कम होने के कारण बीते साल से 25 फीसदी ज्यादा कारोबार होने का अनुमान है। बीते साल नवरात्रि में 20 हजार दुपहिया और 28 सौ चारपहिया वाहन बिके थे। इस बार 25 हजार दुपहिया और पांच हजार पहिया वाहन बिकने का अनुमान है। नवरात्रि के आधे सफर में यानी पांच दिनों में प्रदेश में 15 हजार से ज्यादा वाहन बिक चुके हैं। लोगों ने अपनी पसंद के वाहन बुक भी कराएं हैं। किसी को पंचमी पर वाहन चाहिए, तो कोई सप्तमी और अष्टमी के साथ ही नवमी पर भी वाहन लेना चाहते हैं। जिनको जिस दिन वाहन चाहिए, उनको उसी दिन उनकी पसंद के वाहन मिल रहे हैं। इस बार तो कारों में ज्यादा वेटिंग का भी लोचा नहीं है। ज्यादातर एसयूवी मॉडल ऑन डिमांड ही मिल रहे हैं।





### 30 हजार वाहन बिकेंगे

जीएसटी कम होने का बड़ा असर अपने प्रदेश में भी नजर आ रहा है। नवरात्रि पर इस बार 30 हजार वाहन बिकने का अनुमान है। 25 हजार दुपहिया और पांच हजार चार पहिया वाहन बिकेंगे। *- विवेक गर्ग, अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ फाडा*

### जीएसटी से भारी बचत

वाहनों में पहले 28 फीसदी जीएसटी लगती थी, लेकिन अब यह 22 सितंबर से 18 फीसदी हो गई है तो लोगों को दस फीसदी कम पैसे लग रहे हैं। जहां एक तरफ 10 लाख की कार में एक लाख और 20 लाख की कार में दो लाख बच रहे हैं, वहीं वाहन कंपनियां इसमें अलग से डिस्काउंट भी दे रही है तो ज्यादा बचत हो रही है। ज्यादा कीमत वाली कारों पर जिन पर जीएसटी कम नहीं हुई है, उन पर वाहन कंपनियां भी लाखों रुपए का बड़ा डिस्काउंट दे रही हैं। इधर एक लाख की बाइक में दस हजार बच रहे हैं। अलग से डिस्काउंट के कारण यह बचत 12 से 15 हजार तक हो रही है। स्कूटी पर भी आठ से दस हजार बच रहे हैं।

# राज्य के कर्मचारियों के लिए 'अर्जित वेतन तक पहुंच' योजना लागू करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ कर्मचारी फेडरेशन के सुझाव पर सरकार ले सकती है फैसला

छत्तीसगढ़ राज्य के सरकारी कर्मचारियों की ओर से एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ने राज्य सरकार से अनुरोध किया है कि वह कर्मचारियों के वित्तीय सशक्तिकरण की दिशा में कदम उठाते हुए 'अर्जित वेतन तक पहुंच' जैसी एक वित्तीय समावेशन योजना को शीघ्र लागू करने पर विचार करे। योजना के अंतर्गत कर्मचारियों को महीने के अंत तक वेतन की प्रतीक्षा किए बिना अपने अर्जित वेतन का आंशिक या पूर्ण हिस्सा किसी भी समय निकालने की सुविधा उपलब्ध कराई जा सकेगी। मासिक वेतन भुगतान प्रणाली कई बार कर्मचारियों के लिए आपातकालीन या अनपेक्षित खर्चों की स्थिति में चुनौतियां उत्पन्न कर सकती है। अर्जित वेतन तक पहुंच मॉडल, जिसे कई निजी कंपनियां पहले ही अपना चुकी हैं। कर्मचारियों को वित्तीय लचीलापन प्रदान करता है और उन्हें अपने वित्तीय दायित्वों का प्रबंधन अधिक प्रभावी ढंग से करने में सहायता करता है।

### गोवा और राजस्थान में लागू




राज्य सरकारों जैसे गोवा और राजस्थान ने इस प्रकार की योजनाओं को पहले ही सफलतापूर्वक लागू किया है। डिजिटल बैंकिंग और भुगतान प्रणालियों में हुई प्रगति को ध्यान में रखते हुए, यह योजना सरकारी कर्मचारियों को एक सुरक्षित एवं उपयोगकर्ता-अनुकूल प्लेटफ़ॉर्म के माध्यम से 24x7 अर्जित वेतन तक पहुंच प्रदान कर सकती है। प्रस्ताव को लेकर संबंधित वित्तीय संस्थानों और विभागों के साथ प्रारंभिक संवाद की आवश्यकता को भी रेखांकित किया गया है, ताकि इस प्रणाली की व्यवहार्यता और कार्यान्वयन प्रक्रिया को सुनिश्चित किया जा सके।

### फेडरेशन ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के प्रांतीय संयोजक कमल वर्मा ने मुख्यमंत्री से अन्य राज्यों की भांति इस योजना को छत्तीसगढ़ में भी शीघ्र लागू करने की मांग करते हुए पत्र प्रेषित किया है। उनका मानना है कि शासन का इस दिशा में लिया गया निर्णय कर्मचारी-हितैषी प्रशासन की दिशा में एक सकारात्मक और दूरदर्शी कदम सिद्ध होगा। राज्य सरकार से मांग है कि इस योजना को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र इस दिशा में आवश्यक कार्यवाही प्रारंभ करेगी।

# जीएसटी का लाभ मिल रहा कि नहीं जानने बाजारों में जाएंगे अफसर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ रायपुर सहित अन्य जिलों के बाजारों में छूट की स्थिति की पड़ताल

प्रदेश में जीएसटी 2.0 की अधिसूचना जारी होने के बाद जीएसटी की टीमें अब बाजारों में दस्तक देंगी। नई जीएसटी दरों पर छूट मिल रही है या नहीं, इसकी जांच करने राज्य जीएसटी ने अधिकारियों को अलग-अलग बाजारों की जिम्मेदारी सौंपी है। राज्य जीएसटी कार्यालय से मिली जानकारी के मुताबिक प्रदेशभर के अलग-अलग डिवीजन के अधिकारी-कर्मचारियों को निर्देश दिया गया है कि वे बाजारों में जाकर ग्राहकों से बात करें। जीएसटी दरों में छूट का लाभ मिल रहा है या नहीं, ग्राहकों से पूछें। साथ ही दुकानों व शो-रूम में जाकर भी जांच करें।

जीएसटी आयुक्त पुष्पेंद्र कुमार मीणा ने बताया कि अलग-अलग डिवीजन के अधिकारी-कर्मचारियों को बाजारों में जाकर पड़ताल करने को कहा गया है। रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर, राजनांदगांव, रायगढ़, कोरबा, जगदलपुर, अंबिकापुर आदि शहरों में टीमें लगाई गई हैं। रायपुर में रिटेल स्टोर से लेकर बाजारों में अफसरों की टीमें घूमेंगी। बाजारों और दुकानों में रेंडम पड़ताल कर यह जानने का प्रयास होगा कि ग्राहकों को लाभ कैसे मिल रहा है। जीएसटी का लाभ न मिलने की स्थिति में दुकानदारों पर भी कार्रवाई तय की जा सकती है। दुकानों में जीएसटी के छूट के साथ विस्तृत जानकारी भी डिस्पले करने पर ध्यान दिया जाएगा। जिन वस्तुओं पर जीएसटी का प्रतिशत कम किया गया है, उन्हीं पर ही फोकस करने के निर्देश जारी किए गए हैं।




### सरकार मना रही है बचत उत्सव

गौरतलब है कि राज्य सरकार जीएसटी बचत उत्सव मना रही है, जिसमें मुख्यमंत्री से लेकर मंत्री व विधायक बाजार पहुंच रहे हैं। खरीदारी के साथ वे ग्राहकों से भी रूबरू हो रहे हैं।

### एमआरपी स्टीकर लगाने के निर्देश

शो-रूम संचालकों को स्पष्ट निर्देश हैं कि पुरानी व नई एमआरपी का जिक्र उत्पादों पर करें, जिससे ग्राहकों को दरों में छूट की जानकारी मिल सके। शो-रूम में भी विस्तृत जानकारी के लिए पोस्टर लगाए जाएंगे।

### किया जा रहा प्रचार

उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार ने जीएसटी की दरों में विभिन्न वस्तुओं में कमी की है। छूट की वजह से दोपहिया-चारपहिया वाहनों से लेकर अन्य वस्तुओं पर से जीएसटी की दर घटा दी गई है। 22 सितंबर से इसको लागू किया गया है। बाजारों में इसे लेकर पार्टी और सरकार के स्तर पर प्रचार किया जा रहा है। अब विभाग भी अपने स्तर पर यह पता लगाने का प्रयास कर रहा है कि ग्राहकों को इसका लाभ मिल रहा है कि नहीं।

## जीएसटी पर आज भाजपा का सम्मेलन

**रायपुर।** जीएसटी में बदलाव को लेकर भाजपा का लगातार प्रदेश में अभियान चल रहा है। इस कड़ी में राजधानी रायपुर में मेडिकल कॉलेज के सभागार में एक सम्मेलन का आयोजन रविवार को दोपहर तीन बजे किया गया है। इसमें मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय होंगे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कामर्स के अध्यक्ष सतीश थौरानी करेंगे। विषय वक्ता किशोर बरड़िया रहेंगे। प्रदेश के संगठन महामंत्री पवन साय भी कार्यक्रम में रहेंगे। रायपुर में रविवार को होने वाले संभागीय सम्मेलन में अति विशेष अतिथि के रूप में प्रदेश के मंत्री टंकराम वर्मा, गुरु खुशवंत साहेब, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, रुपकुमारी चौधरी, महापौर मीनल चौबे, विधायक अजय चंद्राकर, राजेश मूणत, सुनील सोनी, पुरंदर मिश्रा, मोतीलाल साहू, संपत अग्रवाल, रोहित साहू, योगेश्वर सिंहा, इंद्रकुमार साहू और अनुज शर्मा के अलावा विशेष अतिथि प्रदेश भाजपा के महामंत्री यशवंत जैन, अखिलेश सोनी, नवीन मार्कंडेय सहित निगम, मंडल और आयोगों के अध्यक्ष भी होंगे।

## पेज 09 के शेष ...

### प्लेटफार्म पर भारी भीड़...

बनाए हैं। भीड़ अधिक होने पर यात्रियों को इन होल्डिंग एरियाज में रोका जाएगा, ताकि प्लेटफॉर्म पर अनावश्यक भीड़ न बढ़े। ट्रेन के आगमन से कुछ समय पहले ही यात्रियों को प्लेटफॉर्म में प्रवेश दिया जाएगा। एक एरिया में 100 से अधिक यात्रियों को रोका जा सकता है: हरिभूमि ने रेलवे स्टेशन में बनाए गए होल्डिंग एरिया का जायजा लिया। प्लेटफॉर्म नंबर एक के सामने बनाए गए एरिया में एक साथ 100 से अधिक यात्रियों को रोका जा सकता है। इसी तरह वीआईपी गेट के सामने और गुढ़ियारी की ओर भी ऐसे ही होल्डिंग एरिया बनाए गए हैं। रेलवे की ओर से वहां लाइटिंग की पर्याप्त व्यवस्था की गई है। शनिवार से ही आरपीएफ ने इस नई व्यवस्था पर काम शुरू कर दिया था। आज से बढ़ती भीड़ को देखते हुए इन होल्डिंग एरियाज का उपयोग किया जाएगा। डोंगरगढ़ जाने वाले यात्रियों की सबसे अधिक भीड़ शाम से लेकर रात तक होती है, जिसे नियंत्रित करना आरपीएफ के लिए बड़ी चुनौती बन जाता है। इस नई व्यवस्था से प्लेटफॉर्म पर अनावश्यक भीड़ को रोका जा सकेगा और यात्री प्रबंधन आसान होगा।

### संदिग्धों का राजधानी बना...

पांच से आठ सौ के बीच किराएदारों की सूची है। एसआईए ने मंगलवार को जिस नक्सली दंपति को डीडीनगर के चंगोराभाठा से गिरफ्तार किया है, उसके बारे में मकान मालिक ने थाने में किसी तरह की जानकारी नहीं दी थी। कॉल ट्रेस नहीं होने पर नक्सली दंपति की गिरफ्तारी संभव नहीं थी। पूर्व में पुलिस ने जिन बांग्लादेशी घुसपैठिये परिवार को टिकरापारा थाना क्षेत्र से पकड़ा था, उन लोगों की भी पुलिस को वहां किराए पर रहने की किसी तरह से कोई जानकारी नहीं थी। **बस्ती से लेकर स्लम एरिया में बसते हैं** : नक्सली दंपति के साथ पुलिस ने जिन बांग्लादेशी परिवर को ट्रेस किया है, पकड़े गए वे सभी घनी बस्ती में मकान किराए पर लेकर रहते थे। इसके पूर्व पुलिस ने जिन बदमाशों को गिरफ्तार किया है, वे सभी ईडब्लूएस मकान किराए पर लेकर रहते थे। ऐसे में बस्ती से लेकर ईडब्लूएस में किराए पर रहने वाले लोगों की लगातार मॉनिटरिंग करने की जरूरत होने की बात जानकार कह रहे हैं। **जानकारी जुटाने के बाद मकान किराया लेने पहुंचे** : सूत्रों के मुताबिक रायपुर आने से पूर्व नक्सली दंपति एक माह पूर्व यहां सुरक्षित ठिकाने की तलाश में जुटे थे। इसके लिए शहरी नेटवर्क से जुड़े लोग उनकी मदद कर रहे थे। एसआईए ने नक्सली दंपति को चंगोराभाठा के जिस क्षेत्र से गिरफ्तार किया है, उस क्षेत्र के रहवासियों का पुलिस रिकार्ड ठीक है। इसके कारण दंपति को वह क्षेत्र सुरक्षित लगा और वो वहां 18 सौ रुपए महीने में मकान किराए पर लेकर रहने लगे। **ज्यादातर बाहर ही खाना खाते थे** : नक्सली दंपति जहां किराए पर मकान लेकर रहते थे, उसके बगल में रहने वाली हेमलता देवांगन ने बताया कि दंपति सुबह घर से निकल जाते थे, हेमलता के अनुसार उसने दंपति को अपने घर में खाना बनाते बहुत कम देखा है। दंपति का खाना-पीना ज्यादातर बाहर ही होता था। हेमलता के अनुसार उसने नक्सली दंपति को कभी भी शराब पीते या किसी से विवाद करते नहीं देखा है। हेमलता के अनुसार पति-पत्नी आपस में कम बात करते थे और शांत रहते थे। दंपति अपनी पहचान छिपाने हर तरह की सावधानी बरत रहे थे। **गिरफ्तार दंपति हार्डकोर नक्सली** : एसआईए ने जिस नक्सली दंपति को गिरफ्तार किया है, उस दंपति के हार्डकोर नक्सली होने की जानकारी सूत्रों ने दी है। गिरफ्तार किया गया जग्गू कुरसम उर्फ रवि उर्फ रमेश (28) एक दशक से ज्यादा समय से माओवाद से जुड़ा था। सूत्रों के मुताबिक जग्गू का कमला से नक्सली संगठन में संपर्क हुआ और दोनो ने एक दूसरे के साथ शादी करने का निर्णय लिया। **गिरफ्तार करने गई टीम को भी नहीं थी जानकारी** : गिरफ्तार दंपति के बारे में एसआईए अफसरों को छोड़ अन्य किसी को उनके नक्सली होने के बारे में जानकारी नहीं थी। टीम को दंपति की फोटो देकर उन्हें पकड़ने टॉस्क दिया गया था। एसआईए अफसरों ने नक्सली दंपति को जब अपनी गिरफ्त में ले लिया, तब पुलिस को दंपति के नक्सली होने की जानकारी मिली। नक्सली दंपति के पकड़े जाने पर इस बात की जानकारी मीडिया तक नहीं पहुंचे, इस संबंध में पुलिसकर्मियों को हिदायत दी गई थी। यही कारण है कि दंपति के पकड़े जाने के दो दिन बाद नक्सली दंपति के बारे में जानकारी मीडिया तक पहुंची।

### शहरी नेटवर्क से जुड़े दो ...

पर लिया है। बस्तर में नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान से नक्सली सहमे हुए हैं। सुरक्षित ठिकानों की तलाश में मैदानी क्षेत्र में पहुंच रहे हैं। हार्डकोर नक्सली शहरी इलाकों में अपने संगठन की नए सिरे से जड़ें जमाने नेटवर्क तैयार करने की कोशिश कर रहे हैं। पिछले दिनों रायपुर में गिरफ्तार दंपति शहर में नेटवर्क तैयार करने के आए थे। गिरफ्तार नक्सली दंपति मैदानी इलाकों में जड़ें जमा पाते, इसके पूर्व ही दबोचे गए। **पूछताछ के आधार पर गिरफ्तारी** : नक्सलियों से जुड़े जिन दो से तीन शहरी नेटवर्क से जुड़े नक्सलियों की गिरफ्तारी की गई है। एसआईए ने उन्हें कहां से गिरफ्तार किया है, इसकी पुष्टि अब तक नहीं हो पाई है। बताया जा रहा है, जग्गू तथा कमला की निशानदेही पर एसआईए ने शहरी नेटवर्क को पकड़ा है। एसआईए पूर्व में गिरफ्तार नक्सली दंपति से उनके अन्य संपर्क के बारे में जानकारी जुटा रही है। सूत्रों के मुताबिक, आने वाले दिनों में नक्सलियों के शहरी नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की गिरफ्तारी की जा सकती है।

### 9 महीने में 11 हजार को...

सबसे आगे है और पिछले 9 माह में यहां 11 हजार से अधिक लोगों को कुत्तों ने काटा है। राहत की बात यह है कि जिले में रेबीज की वजह से अब तक किसी की मौत नहीं हुई है।

# अटारी गोठान में मिली अव्यवस्था ठेकेदार पर 25 हजार का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर के जोन 8 क्षेत्र के अटारी में संचालित गोठान में अव्यवस्था मिलने पर जोन कमिश्नर राजेश्वरी पटेल ने संबंधित ठेकेदार के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए 25 हजार रुपए का जुर्माना लगाया है।

जोन कमिश्नर राजेश्वरी शनिवार को अपने क्षेत्र में संचालित गोठानों के निरीक्षण में निकली थी। उनके साथ अन्य अधिकारियों की टीम भी मौजूद रही। इस दौरान उन्होंने अटारी गोठान का निरीक्षण किया। इस गोठान में उन्होंने अव्यवस्था देखकर संबंधित ठेकेदार को फटकार लगाई, साथ ही उस पर 24 हजार रुपए जुर्माना करने के निर्देश दिए, साथ ही ठेकेदार को चेतावनी देते हुए दो दिन के भीतर व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिए है। इसके बाद भी व्यवस्था नहीं सुधारने पर ठेका निरस्त करने की चेतावनी दी है। इसके बाद जोन कमिश्नर ने जरवाय गोठान की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। यहां व्यवस्थाएं सही मिली।



न्यायालय नायब तहसीलदार अभनपुर
जिला रायपुर छ.ग.
// ईश्तहार//
ग्राम परसदा प.ह.नं. 05 तहसील अभनपुर
रा.प्र.क्र. 202509112100007
ब/121 वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सरपंच ग्राम पंचायत परसदा (वि.मं.) जनपद पंचायत अभनपुर जिला रायपुर छ.ग. द्वारा ग्राम परसदा प.ह.नं. 05 रा.नि.म. खोरपा तहसील अभनपुर जिला रायपुर स्थित भूमि ख.नं. 544 रकबा 0.14 हे. निजी भूमि मनीषा पाण्डेय पति राजेश कुमार पाण्डेय सो. देह के नाम पर दर्ज है तथा भूमि ख.नं. 821 रकबा 0.10 हे. राजस्व अभिलेख में शासकीय भूमि मद में दर्ज है। सरपंच ग्राम पंचायत परसदा द्वारा शासकीय कार्य हेतु मनीषा, पाण्डेय की निजी भूमि ख.नं. 544 को शासकीय भूमि एवं शासकीय भूमि ख.नं. 821 को मनीषा पाण्डेय के नाम पर तबादला किये जाने हेतु इकरारनामा दिनांक 04.07.2020 को निष्पादित किया गया है। वर्तमान में ख.नं. 544 शासकीय कार्य हेतु सुरक्षित रखा गया है, जिस पर ग्रामवासी निस्तार हेतु उपयोग किया जा रहा है एवं ख.नं. 821 पर मनीषा पाण्डेय द्वारा कृषि कार्य किया जा रहा है। उपरोक्त संबंध में ग्रामवासियों को कोई आपत्ति नहीं है। अतएव इकरारनामा दिनांक 04.07.2020 के अनुसार निजी भूमि ख.नं. 544 रकबा 0.14 हे. को शासकीय भूमि मद में एवं शासकीय भूमि ख.नं. 821 रकबा 0.10 हे. को मनीषा पाण्डेय पति राजेश कुमार पाण्डेय निजी भूमिस्वामी के नाम पर तबादला करने हेतु आवेदन पेश किया गया है।

इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को दावा या आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे नियत पेशी दिनाँक 13/10/2025 तक न्यायालय में स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से लिखित में पेश कर सकते है। नियत पेशी दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्ति या दावा पर विचार नही किया जायेगा।

आज दिनाँक 26/09/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुहर से जारी किया गया।

मुहर
नायब तहसीलदार
अभनपुर

// आम सूचना //

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार द्वारा विक्रेता अनिल लोहाना आत्मज स्व. श्री गगनमल लोहाना निवासी- एलआईजी-2/30, सेक्टर-3, दीनदयाल उपाध्याय नगर, डंगनिया, रायपुर से उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य की वाके मौजा ग्राम- पुरैना, विशाल नगर (तेलीबांधा), रानी दुर्गावती वार्ड नंबर-45, प.ह.नं. 113, रा.नि.मं.- रायपुर-11- टिकरापारा, तहसील व जिला- रायपुर, छ.ग. स्थित भूमिस्वामी हक की परिवर्तित भूमि खसरा नंबर 311/7 पर स्थित भूखण्ड क्रमांक- एम-15 का रकबा 1500 वर्गफुट बराबर 0.0139 हेक्टेयर पर भूतल एवं प्रथम तल पर अर्द्धनिर्मित मकान बना हुआ है, को खाली कब्जे के साथ खरीदने का सौदा कर क्रय करने का इकरारनामा निष्पादित कर बयाने की राशि का भुगतान कर दिया गया है। विक्रय विलेख का निष्पादन एवं पंजीयन कराया जाना शेष है।

उपरोक्त सम्पत्ति के संव्यवहार में स्वामित्व, आधिपत्य अथवा अंतरण के संबंध में किसी भी व्यक्ति संस्था, बैंक, साहूकार, बोर्ड, निगम अथवा प्राधिकरण को किसी प्रकार का दावा, उजर अथवा आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति इस आम सूचना प्रकाशन के 07 दिनों के भीतर मेरे नीचे लिखे पते पर प्रस्तुत करें अन्यथा बाद गुजरने मियाद मेरा पक्षकार उपरोक्त संपत्ति का विक्रय विलेख की लिखा-पढ़ी एवं रजिस्ट्री करा ली जावेगी एवं उस दशा में प्राप्त आपत्ति झूठी एवं नाजायज कराकर दी जावेगी तथा वह मेरे पक्षकार पर बंधनकारी भी नहीं होगी। अतः सूचना जानें।

रायपुर, छ.ग.
दिनांक : 27/09/2025
भवदीय
सैय्यद सादिक अली,
(अधिवक्ता)
नूरानी चौक, राजातालाब रायपुर, छ.ग.
मो.नं.- 9425515411






# दुर्गा षष्ठी: शक्ति की उपासना का पर्व

नवरात्रि की षष्ठी तिथि का विशेष महत्व है। इस दिन माँ दुर्गा के छठे स्वरूप माँ कात्यायनी की पूजा होती है। मान्यता है कि माँ कात्यायनी साधकों को तेजस्विता, साहस और विजय का वरदान देती हैं।

**माँ कात्यायनी की कथा :** पुराणों के अनुसार महर्षि कात्यायन ने कठोर तपस्या कर माँ भगवती को प्रसन्न किया। उनकी इच्छा पर माँ ने उनके घर जन्म लिया और कात्यायनी नाम से प्रसिद्ध हुईं। इन्होंने ही महिषासुर का वध कर देवताओं को भयमुक्त किया। इसी कारण षष्ठी को माँ कात्यायनी की विशेष पूजा होती है।

**पूजा-विधि :** सुबह स्नान कर व्रत का संकल्प लें और माँ की प्रतिमा या चित्र के सामने दीप प्रज्वलित करें। माँ को पीले या लाल फूल, धूप, गंध और नैवेद्य अर्पित करें। इस दिन शहद का भोग लगाना शुभ माना गया है।माँ को प्रसन्न करने के लिए 'ॐ देवी कात्यायन्यै नमः' मंत्र का जाप अत्यंत फलदायी है।

**सांस्कृतिक महत्व:** बंगाल में इस दिन से दुर्गा पूजा के महाअष्टमी और नवमी की तैयारियाँ शुरू होती हैं। पंडालों में देवी का विशेष श्रृंगार होता है और ढाक की ताल पर नृत्य-गीत का आयोजन किया जाता है।गांवों में जगर और गरबा जैसे पारंपरिक नृत्य सामाजिक एकता का संदेश देते हैं।


**षष्ठी व्रत का महत्व:** अविवाहित कन्याएँ और विवाह योग्य युवतियाँ इस व्रत को योग्य जीवनसाथी की प्राप्ति के लिए करती हैं, जबकि गृहस्थ लोग परिवार के सुख-समृद्धि हेतु व्रत रखते हैं।

**संदेश:** माँ कात्यायनी का स्वरूप हमें यह प्रेरणा देता है कि सत्य और धर्म की विजय निश्चित है। यह पर्व हमें आंतरिक शक्ति को पहचानने और बुराइयों से लड़ने का संकल्प लेने का अवसर प्रदान करता है।इस पावन दिन पर माँ से यही प्रार्थना है कि वे सबके जीवन में सुख, शांति और समृद्धि का आशीर्वाद दें।जय माता दी!

माँ कात्यायनी का स्वरूप हमें यह प्रेरणा देता है कि **सत्य और धर्म की विजय निश्चित है।** यह पर्व हमें आंतरिक शक्ति को पहचानने और बुराइयों से लड़ने का संकल्प लेने का अवसर प्रदान करता है।

इस पावन दिन पर माँ से यही प्रार्थना है कि वे सबके जीवन में सुख, शांति और समृद्धि का आशीर्वाद दें।

**"जय माता दी!"**















## पुलिस कार्रवाई के बाद भी नहीं सुधर रहे स्टंटबाज

# राजधानी की सड़कों पर खतरनाक स्टंट नियम-कायदों को धुएं में उड़ा रहे राइडर्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बर्थडे सहित अन्य मौकों पर रील बनाकर सोशल मीडिया में पोस्ट करने का शौक बढ़ गया है। हाईवे जाम कर कार की डिक्की, छत में केक काटने, आतिशबाजी करने के बाद इंस्टाग्राम में हाईवे पर 15-20 कारों का काफिला गुजरने का एक रील वायरल हो रहा है। वायरल रील में रईसजादे फिल्मी स्टाइल में स्टंट करते नजर आ रहे हैं।

वायरल वीडियो में दिख रहा है कि 15–20 लग्जरी गाड़ियों का काफिला केनाल रोड से नेशनल हाईवे होते हुए आरंग की तरफ बढ़ रहा है। युवक महंगी कारों की खिड़कियों और सन-रूफ से लटककर जानलेवा स्टंट करते दिख रहे हैं। युवक बेखौफ होकर नेशनल हाईवे पर रौब दिखा रहे हैं। ये काफिला 3 थाना सिविल लाइंस, खम्हारडीह तथा तेलीबांधा से होकर गुजरा। काफिले की गाड़ियों में हूटर और सायरन भी लगे हैं। वीडियो में गाड़ियों के चारों इंडिकेटर जलते हुए दिख रहे हैं। बताया जा रहा है कि ये काफिला युवकों ने अपने किसी साथी के जन्मदिन सेलिब्रेशन के नाम पर निकाला था। युवकों ने गैंगस्टर वाले गाने 'एके-47' समेत कई गानों पर रील बनाकर इंस्टाग्राम पर पोस्ट किए हैं।

### एनएच पर 15-20 गाड़ियों के काफिले के साथ स्टंट करते दिखे स्टंटबाज

#### कार्रवाई के बाद भी पुलिस को दे रहे चुनौती


पिछले दिनों खरोरा थाना क्षेत्र में लड़कों के एक ग्रुप द्वारा हाईवे जाम कर अपने साथी की कार में बर्थडे सेलिब्रेशन करते हुए जमकर आतिशबाजी की। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने सड़क जाम करने वाले लड़कों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर चालानी के साथ जेल भेजने की कार्रवाई की थी। बावजूद इसके लड़के पुलिस को चुनौती देते हुए सोशल मीडिया में लाइक्स, कमेंट पाने रील बनाकर पोस्ट कर रहे हैं।



**लाइक्स, कमेंट के लिए जान जोखिम में डाल रहे :** इंस्टाग्राम में वायरल वीडियो गुरुवार का बताया जा रहा है। वायरल वीडियो में रईसजादों का काफिला केनाल रोड से नेशनल हाईवे होते हुए आरंग की ओर जाते दिख रहा है। इस दौरान कार सवार युवक रूफटॉप पर खड़े होकर हुड़दंग करते रील बनाते दिख रहे हैं। साथ ही वीडियो का सोशल मीडिया में लाइव प्रसारण कर रहे थे। इस दौरान सड़क किनारे खड़े लोगों ने हुड़दंगी कार सवार युवकों का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में वायरल कर दिया। लाइव प्रसारण को रईसजादों के साथी लाइक, कमेंट कर रहे थे। युवकों का काफिला जिन मार्गों से गुजरा, वहां रास्ते में कई बड़े चौराहे और पुलिस थाने पड़ते हैं। बावजूद इसके किसी ने रईसजादों को रोकने की कोशिश नहीं की।


## बिजनेस साइट

### डी आर्ट : रायपुर में घर सजाने का नया ठिकाना



रायपुर। महालक्ष्मी मार्केट स्थित डी'आर्ट शहरवासियों के लिए होम डेकोर का नया आकर्षण बनकर उभरा है। संचालक योगेश पारेख ने बताया कि गेट नंबर-1, पंडरी स्थित इस शोरूम में घर की साज-सज्जा से जुड़ी आकर्षक और कलात्मक वस्तुएं उपलब्ध हैं। यहां खूबसूरत शो-पीस, मेटल आर्ट, पेंटिंग्स, डिजाइनर वॉल क्लॉक्स, मिरर और फ्लॉवर पॉट्स के साथ आर्टिफिशियल प्लांट्स का भी बेहतरीन कलेक्शन उपलब्ध है। ये सभी प्रोडक्ट्स घर और ऑफिस की सजावट में चार चांद लगा सकते हैं। डी' आर्ट में हर बजट के अनुसार विकल्प मिलते हैं और ग्राहकों को उनकी पसंद के अनुसार मार्गदर्शन भी दिया जाता है। योगेश पारेख का कहना है कि उनका उद्देश्य सिर्फ सामान बेचना नहीं, बल्कि हर घर को एक सुंदर और कलात्मक रूप देना है। सजावट में कुछ नया तलाश रहे लोगों के लिए डी' आर्ट एक परफेक्ट डेस्टिनेशन है।

### ज्ञान गंगा एजूकेशनल एकेडमी में आईटी टीचर्स ट्रेनिंग प्रोग्राम



रायपुर। ज्ञान गंगा एजुकेशनल एकेडमी में हाल ही में सीबीएसई द्वारा संचालित 'स्टूडेंट असेसमेंट फॉर अडेप्टिव लर्निंग' (सफल) आईटी टीचर्स ट्रेनिंग प्रोग्राम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य स्कूलों में प्रभावी असेसमेंट प्रणाली के लिए नोडल आईटी प्रोफेशनल्स को मार्गदर्शन देना था। इसमें छत्तीसगढ़ के विभिन्न संस्थानों से आए 200 से अधिक आईटी फैकल्टी ने भाग लिया। सीबीएसई दिल्ली से आए योगेश तंवर और मास्टर ट्रेनर राहुल कुमार ने प्रशिक्षण सत्र को संबोधित किया। प्राचार्या प्रतिमा राजगोर ने नई शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत कौशल आधारित शिक्षण पर बल दिया। योगेश तंवर ने सफल असेसमेंट की उपयोगिता व प्रक्रिया पर प्रकाश डाला, वहीं राहुल कुमार ने डिजिटल वर्कफ्लो और असेसमेंट प्लेटफॉर्म की तकनीकी जानकारी दी। कार्यक्रम का समापन उप-प्राचार्य सीपी परिमल के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

### विश्व मानक दिवस पर बीआईएस रायपुर का 'क्वॉलिटी वॉक', छात्रों ने दिया गुणवत्ता का संदेश



रायपुर। विश्व मानक दिवस 2025 के अवसर पर भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस), रायपुर ने 26-27 सितंबर को 'क्वॉलिटी वॉक' का सफल आयोजन किया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं और आमजन में गुणवत्ता, मानकीकरण और उपभोक्ता संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। पहला दिन माना रोड में सम्पन्न हुआ, जिसमें शासकीय बहुद्देशीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, राखी के लगभग 200 विद्यार्थियों ने भाग लिया। दूसरे दिन कार्यक्रम नवा रायपुर में हुआ, जिसमें उपरवारा, अभनपुर के विद्यार्थियों ने सहभागिता निभाई। बीआईएस रायपुर के निदेशक सुमन कुमार गुप्ता ने कहा कि मानक मजबूत समाज की नींव है। विद्यार्थियों ने पैदल मार्च के माध्यम से 'गुणवत्ता ही विश्वास की पहचान' जैसे नारों से नागरिकों को जागरूक किया। कार्यक्रम के बाद छात्रों को छत्तीसगढ़ विज्ञान केंद्र का भ्रमण भी कराया गया। बीआईएस ने भविष्य में ऐसे और कार्यक्रमों के आयोजन का आश्वासन दिया।

### रायन मिनीथॉन में 3000 से अधिक विद्यार्थियों ने लिया भाग



रायपुर। रायन इंटरनेशनल स्पोर्ट्स क्लब शाला द्वारा आयोजित 'रायन मिनीथॉन' प्रतियोगिता ने युवाओं को खेल के क्षेत्र में अपनी प्रतिभा दिखाने का सुनहरा अवसर दिया। रायन इंटरनेशनल एवं सेंट जेवियर्स हाईस्कूल के संयुक्त आयोजन में रायपुर के 62 स्कूलों के 3000 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस मिनीथॉन की शुरुआत मरीन ड्राइव से हुई और समापन रायन स्कूल में किया गया। यह प्रतियोगिता पिछले 25 वर्षों से लगातार आयोजित की जा रही है, जिसका श्रेय शाला के संस्थापक डॉ. एएफ पिंटो एवं निर्देशिका डॉ. ग्रेस पिंटो को जाता है। उनका उद्देश्य विद्यार्थियों में खेल के प्रति रुचि बढ़ाना और उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाना है। डॉ. पिंटो के अनुसार, इस आयोजन से युवा न केवल शारीरिक रूप से स्वस्थ रहते हैं, बल्कि उनमें नेतृत्व और टीम भावना भी विकसित होती है।

## खबर संक्षेप

### डाक एवं रेल सेवा पेंशनर्स सम्मेलन आज

रायपुर। अखिल भारतीय डाक एवं रेल सेवा पेंशनर्स एसोसिएशन छग का चतुर्थ सम्मेलन आज 28 सितंबर को वृंदावन हॉल सिविल लाइंस में सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक रखा गया है। इस संबंध में राज्य सचिव जीआर निषाद ने जानकारी देते हुए बताया कि डाक विभाग से सेवानिवृत्त 80 वर्ष से अधिक आयु वाले पेंशनरों को सम्मानित किया जाएगा। वहीं सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि दिनेश कुमार मिस्त्री आईपीएस निदेशक, के. राघवेन्द्र महासचिव चेन्नई, डीके देबनाथ महासचिव गुवाहाटी सम्मिलित होंगे।




## पढ़ाई के लिए संपत्ति गिरवी, रमन सिंह के पास पहुंचे निराश बांडेड डाक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पढ़ाई के लिए 25 और 50 लाख की संपत्ति गिरवी रखने के मामले में शासन स्तर पर कोई पहल नहीं होने से निराश डाक्टरों ने विधानसभा अध्यक्ष रमन सिंह से मदद मांगी है। बांडेड डाक्टरों का तर्क है कि कई लोगों की हैसियत इतनी बड़ी रकम की संपत्ति बंधक बनाने की नहीं है। अन्य राज्यों में ऐसा नियम नहीं है, यह छत्तीसगढ़ में उच्च शिक्षा प्राप्त करने में बड़ी बाधा है।

■ शासन स्तर पर अब तक नहीं हुआ कोई फैसला

बांडेड डाक्टर सीजीडीएफ के नेतृत्व में रमन सिंह से बैंक गारंटी के प्रावधान को चिकित्सा शिक्षा के नियम से हटाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में एमडी-एमएस के एडमिशन की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। इसके लिए बैंक बंधक के राशि अथवा संपत्ति की व्यवस्था करने के लिए बांडेड डाक्टर काफी परेशान हैं। नियम के मुताबिक संपत्ति गिरवी रखने के कागजात जमा करने के बाद ही विभागीय स्तर पर उन्हें एनओसी मिलेगी। संपत्ति गिरवी रखने या बैंक में जमा करने की शर्त अत्यंत चुनौतीपूर्ण और अव्यवहारिक है।

### यूजी छात्रों के लिए मांगा 'संगवारी'

इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के रायपुर अध्यक्ष डा. कुलदीप सोलंकी ने डा. रमन सिंह से मुलाकात कर पं. जवाहर लाल नेहरू स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय के एमबीबीएस छात्रों की आवासीय व्यवस्था के लिए पूर्व विधायक निवास संगवारी भवन उपलब्ध कराने का निवेदन किया है। उन्होंने कहा है कि शासन ने हास्टल निर्माण के लिए 65 करोड़ की घोषणा की है। निर्माण कार्य पूरा होने में वक्त है, तब तक छात्रहित में वैकल्पिक व्यवस्था किया जाना आवश्यक है। वर्तमान में चिकित्सा महाविद्यालय के 80 फीसदी छात्र किराए के मकान में रहकर अपनी पढ़ाई कर रहे हैं।

## आधी रात जमकर बारिश, सुबह गरजे बादल, दशहरा के वक्त नया सिस्टम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बंगाल की खाड़ी में बने सिस्टम के प्रभाव से शुक्र-शनिवार की दरम्यानी रात राजधानी में जमकर बारिश हुई। मौसम बदलने का प्रभाव सुबह छाए बादल के गरजने के रूप में नजर आया। खाड़ी में अब तीसरा सिस्टम दशहरा के दौरान बनने की संभावना है। वर्तमान में राज्य में बेमेतरा, जशपुर और सरगुजा जिले को छोड़कर बाकी औसत वर्षा के मामले में सामान्य स्थिति में आ गए हैं।

■ बेमेतरा, जशपुर, सरगुजा को छोड़कर सभी जिले सामान्य

सितंबर के अंतिम दिनों में राजधानी में जमकर बारिश हुई है। इसके प्रभाव से औसत और सामान्य वर्षा अपनी समकक्ष स्थिति में है। शुक्रवार को दिनभर मौसम सामान्य रहा मगर रात होने के बाद मौसम में बदलाव हो गया और काफी देर जोरों की बारिश होती रही। इससे रात के तापमान में गिरावट आ गई है। वर्षा का प्रभाव मध्य इलाके में अधिक रहा और आउटर में स्थिति सामान्य रही। सुबह होने के बाद भी मौसम बदला रहा और गर्जना होती रही। छाए काले बादलों को देखकर इसके फिर बरसने की संभावना जताई गई थी मगर ऐसा नहीं हुआ। बादलों की वजह से धूप से जरूर राहत मिली। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि अभी तो स्थिति सामान्य रहेगी मगर अक्टूबर की शुरुआत यानी दशहरा के दौरान बनने वाले नये सिस्टम के प्रभाव बरसात जैसी स्थिति बन सकती है। राज्य से मानसून की विदाई में थोड़ा वक्त है। वर्तमान में मानसून की विदाई रेखा वेरावल, भरुच, उज्जैन, झांसी तथा शाहजहांपुर है। पिछले चौबीस घंटे में बालोद जिले के देवरी में 11, राजनांदगांव, बड़े बचेली, छोटे डोंगर में 8 सेमी., डौंडीलोहारा, दुर्ग कोंदल , अंबागढ़ चौकी, अर्जुंदा, तोंगपाल में 7 सेमी, कोंडगांव, डौंडी, माकड़ी, छिंदगढ़, कुमरदा में 6 सेमी., पिथौरा, कांकेर, फरसगांव, धनोरा, खडगांव, मानपुर, औंधी, गुंडरदेही, छुरिया, दंतेवाड़ा में 5 सेमी. बारिश हुई।

## राजकुमार कॉलेज ने चीफ्स कप अंडर-19 टूर्नामेंट जीता




रायपुर। राजकुमार कॉलेज रायपुर में तीन दिवसीय चीफ्स कप अंडर-19 बॉयज क्रिकेट टूर्नामेंट 2025 का फाइनल मुकाबला खेला गया। मेजबान राजकुमार कॉलेज ने डेली कॉलेज इंदौर को 30 रन से हराकर खिताब अपने नाम किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए राजकुमार कॉलेज ने 20 ओवर में 6 विकेट पर 128 रन बनाए। जवाब में डेली कॉलेज की टीम 98 रन ही बना सकी। आरव गुप्ता (राजकुमार कॉलेज) को शानदार प्रदर्शन के लिए 'मैन ऑफ द मैच' और 'सर्वश्रेष्ठ विकेटकीपर' का पुरस्कार मिला। पुरस्कार वितरण समारोह में विजेताओं को ट्रॉफी व पदक बराम्बा के राजा त्रिबिक्रम चंद्र देव द्वारा प्रदान किए गए। आयोजन की सराहना विद्यालय प्राचार्य ले. कर्नल अविनाश सिंह ने की। विद्यालय के प्राचार्य लेफ्टिनेंट कर्नल अविनाश सिंह ने सभी खिलाड़ियों की खेल भावना और उत्कृष्ट प्रदर्शन की प्रशंसा की। इस टूर्नामेंट का आयोजन राजकुमार कॉलेज, रायपुर द्वारा किया गया, जिसमें शिवेंद्र एनएस देव आयोजन सचिव और बी. करुणाकरण एचओडी खेल विभाग के रूप में कार्यरत थे।

## ट्राई की निशानदेही पर फर्जी सिम बेचने वाले के खिलाफ ठगी की रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

तेलीबांधा थाने की पुलिस ने भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण की निशानदेही पर एक मोबाइल शॉप संचालक के खिलाफ ठगी की रिपोर्ट दर्ज की है। आरोप है कि मोबाइल संचालक ने अलग-अलग लोगों के नामों से सिम जारी कराकर जालसाजों के साथ म्यूल अकाउंट खुलवाने वालों को बेचा है। मोबाइल संचालक ने किन लोगों के नाम से सिम जारी करवाया है,



■ सवा सौ लोगों के नाम से फर्जी सिम बेचने का आरोप

इस बारे में पुलिस को जानकारी नहीं मिल पाई है। इसकी जानकारी मोबाइल शॉप संचालक की गिरफ्तारी के बाद मिल पाएगी। मिश्री मोबाइल शॉप संचालक के खिलाफ पुलिस ने ठगी की शिकायत दर्ज की है। पुलिस को जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक मोबाइल शॉप संचालक ने देवनाथ बैरागी, हितेश साहू, शंकर लाल साहू सहित अन्य लोगों के नाम से सिम जारी कराकर किसी दूसरे को बेचा है। पुलिस को जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक दूसरे लोगों के नाम से सिम जारी कराकर मोबाइल शॉप संचालक ने अन्य लोगों को ऊंची कीमत पर सिम बिक्री की है।

### ऐसे जारी कराया फर्जी सिम

बताया जा रहा है, फर्जी सिम जारी कराने मोबाइल शॉप संचालक ने अपने यहां आने वाले कस्टमर के थंब इंप्रेसन के साथ उनके दस्तावेज का गलत इस्तेमाल कर सिम हासिल किया है, जिसकी जानकारी ग्राहकों को नहीं दी गई। दूसरे के नाम से जारी सिम को मोबाइल शॉप संचालक द्वारा म्यूल बैंक में अकाउंट खुलवाने वाले तथा ऑनलाइन ठगी करने वालों के पास बिक्री करने का आरोप है।

### भव्य होलसेल बाजार : अब रायपुर में भी सूरत की साड़ी, सूरत के ही भाव में



रायपुर। सूरत की खूबसूरत और ट्रेंडी साड़ियों की अब सीधी पहुंच छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर तक हो गई है। टेक्सटाइल मार्केट, पंडरी में 'भव्य होलसेल बाजार-नगद थोक साड़ी बिक्री केंद्र' और 'भव्य ट्रेडिंग कंपनी- मैन्युफैक्चर ऑफ फैंसी साड़ी' ने अपने नए होलसेल डिपो की शुरुआत की है। अब रायपुर के व्यापारियों और ग्राहकों को सूरत की फैशनेबल साड़ियां उसी रेट पर मिलेंगी, जिस भाव में सूरत में थोक बिक्री होती है। सूरत की एक प्रतिष्ठित साड़ी निर्माता कंपनी भव्य ट्रेडिंग कंपनी ने अब रायपुर में अपनी ब्रांच खोलकर लोकल व्यापारियों के लिए एक बड़ा अवसर प्रदान किया है। इस केंद्र में फैंसी, पार्टीवियर, ब्राइडल, डेलीवियर और हर तरह की ट्रेंडिंग साड़ियों का विशाल संग्रह उपलब्ध है।







### रायपुर के समाजसेवी युवाओं का दिल्ली में हुआ सम्मान



रायपुर। दिल्ली के भारत मंडपम एवं करनाल में अंतर्राष्ट्रीय संस्था निफा द्वारा आयोजित यूथ अचीवमेंट अवॉर्ड में देशभर के चुनिंदा युवाओं को सम्मानित किया गया, जिसमें छत्तीसगढ़ के 54 युवाओं को सम्मान मिला। इनमें कैलाश शर्मा, तोरण ठाकुर, करण कश्यप, पूजा देवांगन, सृष्टि आदि को समाजसेवा में अग्रणी भूमिका निभाने तथा कोरोनाकाल के उत्कृष्ट कार्य करने के फलस्वरूप सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मॉरीशस के राष्ट्रपति धरम गोकुल, हरियाणा के विधानसभा अध्यक्ष हरविंदर कल्याण, जापानी डेलिगेशन हेड एचयू समेत कई हस्तियां मौजूद रहीं।

### आकाशवाणी के स्थापना दिवस पर होगा सम्मान कार्यक्रम

रायपुर। आकांक्षा रेडियो लिस्नर्स संस्था धरसींवा की ओर से आकाशवाणी की 62वीं वर्षगांठ के अवसर पर अखिल भारतीय श्रोता सम्मेलन एवं फरमाइशी गीतों की जीवंत प्रस्तुति का कार्यक्रम आयोजित होने जा रहा है। इस संबंध में संस्था के अध्यक्ष छेदूलाल यादव ने बताया कि 4 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक वृंदावन हॉल में समारोह का आयोजन किया जाएगा। जहां आकाशवाणी केंद्र के सेवानिवृत्त उद्घोषकों के साथ-साथ उभरते गायक, गायिकाओं तथा श्रोताओं का भी सम्मान किया जाएगा।

